✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात



राजधानी पटना में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 156 ✷ पृष्ठ : 16 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 3 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# बिहार में बिछेगा उद्योग-धंधों का जाल : मोदी

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी अभियान के तहत आज रविवार को नवादा पहुंचे। चुनावी संबोधन में उन्होंने बिल्कुल मगही अंदाज में यहां के लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने मंच पर पहुंचते ही भारत माता की जय और हड़िया सुरुज मंदिर के पावन भूमि के हम प्रणाम करहिए, यही शब्द लोगों को दिल को छू गया। मोदी यहीं पर रुके नहीं, उन्होंने नवादा के संकट मोचन की पावन भूमि और बिहार केसरी डॉक्टर श्री कृष्णा सिंह की जन्मस्थली का चर्चा करना भी नहीं भूले। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनी तो एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा। उद्योग धंधों का जाल बिछाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर उपस्थित नवादा जिले के साथ-साथ फतेहपुर, वजीरगंज, बिहार शरीफ, राजगीर और बरबीघा के एनडीए प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कि एक और जहां एनडीए सरकार विकास की ओर बिहार को आगे ले जा रही है वहीं कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल मिलकर फिर से बिहार को जंगल राज में धकेलना का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्री




कृष्ण की जन्मस्थली से आज बिहार के विकास को नहीं भूल सकता है फिर से विकास की गति को और रफ्तार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे साथ नीतीश बाबू बिहार में काफी अच्छी प्रगति कर रहे हैं। अब किसानों को डायरेक्ट उनके खाते में राशि बगैर कोई कट कमीशन के जा रहा है। कांग्रेस के ही एक प्रधानमंत्री ने यह कहा था कि हम केंद्र से एक रुपये भेजते हैं तो लाभुक तक मात्र 15 पैसा ही पहुंच पाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास की चर्चा करते हुए कहा कि जंगल राज के शासन, नरसंहारों का दौरा था। वहीं क्राइम, करप्शन के दौर को बिहार भूल नहीं सकता है। महागठबंधन के लोग जितने भी प्रयास कर लें, उन्हें सत्ता नहीं मिल पाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप यह याद कर लें कि चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस और राजद के बीच काफी धक्का मुक्की होगी क्योंकि जब कांग्रेस ने जंगल राज वाले राजकुमार को मुख्यमंत्री नहीं घोषित कर रहा था तो उनसे बदला लेने के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ ही प्रत्याशी खड़ा कर दिया। यह सत्ता लोलुप परिवार आपस में ही तकरार कर रहा है। एक बिहार में भ्रष्टाचार का परिवार है तो दूसरी दिल्ली में भ्रष्टाचार वाली पार्टी की परिवार है। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार के संकल्पों को पूरा करने के लिए एकजुट होकर एनडीए को वोट दें ताकि जंगल राज की स्थापना बिहार में नहीं हो सके। उन्होंने जंगल राज की चर्चा और नरसंहारों के बारे में लोगों को बताया और कहा कि वह दौर याद कर लोग आज भी सिहर उठते हैं। उन्होंने कहा कि गांव की विकास के लिए सशक्ति योजनाएं बनाई जाएगी। महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को 10000 रोजगार के लिए दिए गए हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी विकास की गारंटी देता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए सरकार के 11 वर्षों के भीतर छोटे किसानों के लिए भी केंद्रीय कृषि नीति बनाई गई जिसके तहत किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 6000 रुपए दिए गए जो सीधे उनके खाते में पहुंच गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 6 करोड़ से अधिक लाभुकों को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने भीड़ से अपने-अपने मोबाइल निकालने को कहा और लाइट जलाने की बात कही। फिर मोदी ने कहा कि जब आपके हाथ में खुद लाइट है तो अब लालटेन की क्या जरूर रह गई है। मोदी के इस चुनावी जनसभा में प्रदेश की पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, सांसद विवेक ठाकुर, नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार के साथ नवादा एनडीए प्रत्याशी विभा देवी, वारसलीगंज (शेष पृष्ठ 14 पर)

# सिर्फ एनडीए सरकार ही कर सकती है बिहार को समृद्ध बनाने का काम : शाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने रविवार को कहा कि बिहार को सुरक्षित रखना और समृद्ध बनाने काम सिर्फ और सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ही कर सकती है। श्री शाह ने आज वैशाली जिले में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि इस चुनाव में राजग के सामने खड़े सभी दलों में तू-तू मैं-मैं हो रही है। उन्होंने महागठबंधन में खींचतान का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस गठबंधन में एकता नहीं हो, वह बिहार को एक नहीं रख सकता है। बिहार को एक रखना, सुरक्षित रखना और समृद्ध बनाना सिर्फ और सिर्फ नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग कर सकती है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वैशाली ही वह भूमि है जिसने दुनिया में सबसे पहले लोकतंत्र के सिद्धांत, लिच्छवी गणराज्य के सिद्धांतों से स्थापित किए। वैशाली



की यह महान भूमि भगवान महावीर और भगवान बुद्ध की कर्मस्थली रही है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में राजग का गठबंधन पांच पांडवों की तरह मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरा है। सभी पार्टियां एकजुट होकर जंगलराज को रोकने के लिए कटिबद्ध हैं। श्री शाह ने आरोप लगाया कि लालू-राबड़ी के जंगलराज में आए दिन बिहार में नरसंहार होते थे, हत्याएं होती थी, अपहरण, फिरौती के उद्योग चलते थे और महिलाओं की अस्मिता भी लूटी जाती थी। अब वही जंगलराज नए चेहरों के साथ, नए कपड़ों में और नए भेष में आ रहा (शेष पृष्ठ 14 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम नरेंद्र मोदी ने तख्त साहिब में टेका मत्था

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार की शाम दशमेश पिता साहिब श्रीगुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त साहिब में मत्था टेका। यहां दरबार साहिब में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने उन्हें गुरुघर का आशीष स्वरूप सिरोपा भेंट किया। गुरुजी के अस्त्र-शस्त्रों का दर्शन कराया। प्रधानमंत्री ने दरबार साहिब में कड़ाह प्रसाद चढ़ाया। तख्त साहिब पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, पटना साहिब से एनडीए प्रत्याशी रत्नेश कुशवाहा ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। दरबार साहिब में शुकराना करनेके बाद प्रधानमंत्री ने गुरुजी माताजी का पवित्र जोड़ा साहिब का भी दर्शन किया। उन्हें देखने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ लगी थी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में कांग्रेस नेता की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले में चुनाव प्रचार पर निकले कांग्रेस नेता वीर कमलेश सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नौहट्टा के करमडीहा गांव के पास रविवार सुबह खून से लथपथ उनका शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कांग्रेस नेता का सिर सड़क किनारे पानी में था, भौंह के पास से खून जमा था और दांत टूटा हुआ था। उनकी हत्या की आशंका जताई जा रही थी। बताया जाता है कि शनिवार देर शाम टीपा निवासी 63 वर्षीय कांग्रेस नेता कमलेश सिंह पार्टी के पर्चे के साथ बैजलपुर की ओर गए थे। घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित पुलिया के पास करीब शाम 7 बजे बैठे हुए देखे गए थे पर रात में वे घर नहीं लौटे। सुबह उनकी लाश करमडीहा गांव के उतर में देखी गई।

# मोहनिया के निर्दलीय प्रत्याशी कन्हैया राम समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मोहनिया के निर्दलीय प्रत्याशी कन्हैया राम आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी और एमएलसी संजय मयूख ने आज मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में कन्हैया राम को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई और पार्टी में स्वागत किया। एमएलसी संजय मयूख ने इस मौके पर कहा कि भाजपा में विभिन्न दलों के लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने भाजपा परिवार में आए कन्हैया राम का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि बिहार अब रफ्तार पकड़ चुका है और फिर से एनडीए सरकार बनने जा रही है। भाजपा नेता संजय मयूख ने कहा कि बिहार चुनाव के परिणाम के संकेत से विपक्षी दल बदहवास, हताश और निराश हो चुके हैं। यही कारण है कि राहुल गांधी हों या तेजस्वी यादव,

■ **छठी मइया को भी गाली दे रहे हताश और बदहवास विपक्ष : संजय मयूख**

छठी मईया से लेकर प्रधानमंत्री तक के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को बिहार की जनता छह और 11 नवंबर को जवाब देगी और एकबार फिर एनडीए की सरकार बनाएगी। इस मौके पर बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कि कन्हैया राम के भाजपा में आने से एनडीए मोहनिया में काफी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कन्हैया राम पहले कांग्रेस के टिकट पर भी चुनाव लड़ चुके हैं। इधर, भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले कन्हैया राम ने कहा कि वे भाजपा की नीतियों से आकर्षित होकर और इस चुनाव में राष्ट्र विरोधी पार्टियों को लाभ नहीं पहुंचे, इस कारण भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

# बिहार में अब कभी नहीं लौटेगा लालटेन युग : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने एक्स हैडल पर लिखा है कि हमलोगों ने बिजली के क्षेत्र में इतना काम कर दिया है कि अब लालटेन युग कभी नही लौटेगा। अब बिहार का भविष्य रोशनी से भरा है। हमारी सरकार ने बिजली के क्षेत्र में बिहार को आत्मनिर्भर बनाकर 'ऊर्जा स्वित बिहार' के संकल्प को पूरा किया है। इसे याद रखियेगा। आगे भी हमलोग ऐसे ही काम करते रहेंगे। हमलोग जो कहते हैं, उसे पूरा करते है। राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए हम निरंतर कार्य करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्ष में सभी घरेलू उपभोकताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है कि हमलोग शुरू से ही उपभोक्ताओं को अनुदानित दर पर



बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। इसके लिए वर्ष 2024-25 में बिजली उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा 15 हजार 343 करोड़ रुपये का विद्युत अनुदान दिया गया है। इस अनुदान के अतिरिक्त अब तो हमारी सरकार राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दे रही है जिसका फायदा हर बिहारवासी को मिल रहा है। नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने बिजली के क्षेत्र में जो काम किया है, वो लंबे समय तक बिहार की जरुरतों को ध्यान में रख कर किया है। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे निर्बाध बिजली की आपूर्ति हो रही है। अब राज्य में बिजली की अधिकतम आपूर्ति 700 मेगावाट से बढ़कर आठ हजार मेगावाट से भी अधिक हो गयी है। बिजली उत्पादन क्षमता 540 मेगावाट से बढ़कर 8 हजार 850 मेगावाट से भी अधिक हो गयी है। प्रति व्यक्ति ऊर्ज़ा की खपत पांच गुनी से भी ज्यादा बढ़कर 363 यूनिट हो गयी है। मुख्यमंत्री ने सहरसा एवं मधेपुरा में चुनावी सभा के दौरान लालू प्रसाद का नाम लिए बिना कहा पहले वाला कुछ करता था बहुत बुरा हाल था। अस्पताल में कोई इंतजाम नहीं था, सड़क का बुरा हाल था, लड़का-लड़की कोई पढ़ता था सबका बुरा हाल था। सब बेकार था। पहले वाले को पन्द्रह साल मिला सात साल अपने रहा फिर पत्नी को बना दिया। वे लोग बेटा-बेटी और परिवार वाले के लिए करते रहता था। उन्होंने कहा हम लोग कभी परिवार के लिए इधर-उधर नहीं करते हैं। केंद्र सरकार हर काम में सहयोग कर रही है राज्य सरकार लगातार काम कर रही है यह जिला विकसित होगा। कहा कि पचास लाख लोगों को सरकारी नौकरी व रोजगार दिया। आगे एक करोड़ युवाओं को रोजगार व नौकरी देंगे।

# विकसित बिहार के लिए एनडीए को दें समर्थन : फडणवीस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान ने फुलवारी विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी श्याम रजक के समर्थन में पुनपुन के लखना बाजार स्थित शहीद रामानंद उच्च विद्यालय खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। चिराग पासवान ने विपक्ष पर धोखा देने का आरोप लगाया और एनडीए को जिताने की अपील की ताकि क्षेत्र में विकास हो सके और युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने विकसित बिहार और भारत के सपने को साकार करने के लिए एनडीए को समर्थन देने की बात कही। चिराग पासवान ने एनडीए प्रत्याशी श्याम रजक के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह सही समय है, सही प्रत्याशी का चुनाव करने की। उन्होंने कहा कि केंद्र और बिहार की सरकार अगले पांच सालों के लिए बिहार को



विकसित राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि आने वाले समय में भारत एक विकसित देश बने। भारत विकसित देश तब बनेगा जब हमारे बिहार का एक-एक गांव एक-एक विधानसभा की जनता हमारे साथ कदम से कदम मिला कर चलने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कहीं से कोई संदेह नहीं है। ऐसे में पूरी जिम्मेदारी फुलवारी शरीफ की जनता की बनती है। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा का नेतृत्व करने वाला एनडीए का विधायक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब यहां से एनडीए के प्रत्याशी जीत कर जाएंगे तो वह मुख्यमंत्री के बगल में बैठकर काम करेंगे और उद्योग लगाने पर चर्चा करेंगे जिससे यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगी। मौके पर एनडीए में शामिल सभी दलों के समर्थकों के अलावा जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, ओम सिंह, सदगुरू प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# हर घर के एक सदस्य को मिलेगी सरकारी नौकरी : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है तो जिस परिवार में एक भी सरकारी नौकरी नहीं है, उस परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी। उक्त बातें रविवार को जनता को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कही। प्रखंड क्षेत्र में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि उम्र कच्ची है लेकिन जुबान पक्की है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस बार महागठबंधन को मौका दें। अपना प्रत्याशी सत्तानंद संबुद्ध उर्फ ललन यादव को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजें। तेजस्वी ने कहा कि जनता ने बिहार की सरकार को 20 साल का समय दिया और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 11 साल का लेकिन राज्य की हालत नहीं बदली। उन्होंने वादा किया कि महागठबंधन की सरकार बनने पर जो काम इस सरकार



ने 20 सालों में नहीं किया उसे हम 20 महीने में पूरा करेंगे। उन्होंने अपने पूर्व उपमुख्यमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि 17 महीनों में पांच लाख युवाओं को नौकरी दी गई। साढ़े चार लाख शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया गया। थावे में मेडिकल कालेज और बैकुंठपुर में ट्रामा सेंटर की स्वीकृति हमारी ही सरकार में मिली थी। उन्होंने मटिहानी विधानसभा में बेगूसराय को प्रमंडल का दर्जा देने एवं दिनकर विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की। साथ ही तेघड़ा मिं भाकपा उम्मीदवार राम रतन सिंह के समर्थन में भी जनसभा किया। इस अवसर पर भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद, इन्द्रदेव राम, कांग्रेस के राकेश सिंह, भाकपा के सनोज सरोज, शिव शंकर चंद्रवंशी, विकास पासवान, मो. जावेद अख्तर, मो. जमालुद्दीन, पूर्व मुखिया सोहन यादव, इन्द्रजीत यादव, सीपीएम के जय प्रकाश यादव सहित कई महागठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिहार में बनेगी महागठबंधन की सरकार : राहुल गांधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार में उद्योग लगाने के लिए जमीन नहीं होने की बात कहते है। एक रुपए में आप अडानी को जमीन दे रहे है मगर जब बिहार की प्रगति के लिए जब जरूरत होती है तो आपके पास जमीन नहीं रहती है। लाखों करोड़ रुपए की मुंबई एवं धारावी की जमीन आप अडानी को दे रहे हैं। धारावी में बिहार के लोग रहते हैं। छोटे-छोटे काम करते हैं। जमीन पर से उन सभी को हटाया जा रहा है और अडानी का मदद किया जा रहा है। चुनाव में नरेंद्र मोदी जी भाषण देने आते हैं, वादे करते हैं, चुनाव के समय जो कहते हो वह करते हैं। चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी न बिहार आएंगे नहीं आपकी सुनेंगे। मैं कहता हूं अगली बार




जब आएं तो जो करवाना हो करवा लो। मगर यह कहना कि यह सीट आपको जिताकर देंगे। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब बिहार शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र था। नालंदा यूनिवर्सिटी पूरे देश को शिक्षा देने का काम करती थी। हमारी सरकार थी हमने फिर से नालंदा यूनिवर्सिटी को चालू करने की कोशिश की लेकिन बीजेपी ने वह काम बंद कर दिया। बिहार का युवा मेहनत करता है और पता चलता है पेपर लीक हो गया। जिनकी (शेष पृष्ठ 14 पर)

# सरायरंजन : चौका लगाने की तैयारी में मंत्री विजय कुमार चौधरी

– विनय कुमार

**पटना।** बिहार में समस्तीपुर जिले की दस विधानसभा सीटों में सबसे चर्चित सरायरंजन है, जहां से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी और बिहार सरकार के जल संसाधन और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी अपनी चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान में उतरे हैं। श्री चौधरी की मौजूदगी से सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र पर सभी निगाहें टिकी हुई हैं। श्री चौधरी इससे पहले छह बार विधानसभा में प्रवेश कर चुके हैं जिनमें से तीन बार उन्हें सरायरंजन के मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया है और इस बार जीत का चौका लगाने के इरादे से उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया है। बिहार सरकार के इस कद्दावर मंत्री के विजय रथ के सामने पिछली बार की तरह ही इस बार भी चुनौती बन कर खड़े होने की कोशिश में हैं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अरविंद कुमार सहनी, जो 2020 की हार को जीत में बदलना चाहते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में श्री सहनी ने श्री चौधरी के सामने अच्छी रेस लगाई थी और महज साढ़े तीन हजार वोटों से पिछड़ कर जीत की दौड़ से बाहर हो गए थे । 2020 के चुनाव में जदयू के विजय कुमार चौधरी को जहां 72 हजार 666 मत मिले थे वहीं राजद के अरविंद कुमार सहनी को 69 हजार 42 मत प्राप्त हुए थे। इस बार पिछली बार की हार की टीस जहां श्री सहनी को बेताब कर रही है, वहीं विजय कुमार चौधरी को उम्मीद है कि वह इस बार की रेस को आसानी से जीत लेंगे। श्री चौधरी की उम्मीद के पीछे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के



कार्यकाल मे हुए विकास के कार्य हैं। इस इलाके में अपने किए कार्यों के दम पर श्री चौधरी जीत को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं। श्री चौधरी ने इस इलाके में मेडिकल, इंजीनियरिंग, नर्सिग समेत कई कॉलेजों की स्थापना कर सरायरंजन को शिक्षा का हब बनाने की कोशिश की है। बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में सरायरंजन में पहले ही चरण में 06 नवंबर को मतदान होगा और 14 नवंबर को मतों की गिनती की जाएगी। वैसे तो सरायरंजन में 08 प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में जोर आजमाइश को उतरे हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, जदयू और लोजपा (रा.) सहित पांच दलों की संयुक्त ताकत के साथ मैदान में उतरे एनडीए और राजद एवं कांग्रेस के साथ कम्युनिस्ट पार्टियो के दम पर उतरे महागठबंधन के साथ है। सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। यह क्षेत्र सारयरंजन और विद्यापति नगर विकासखंडो को मिलाकर बना है। 1967 में इस विधासनभा क्षेत्र को बनाया गया था तब से लेकर अब तक के 14 विधानसभा चुनावों में अलग अलग राजनीतिक दलों को जनता ने जनादेश दिया है लेकिन सबसे ज्यादा भरोसा जदयू और राजद के पक्ष में ही रह है। सरायरंजन विधानसभा सीट के आंकड़ों पर नजर डालें तो यहां जदयू और राजद की ताकत साफ तौर से दिखती है। राजद ने वर्ष 2000, फरवरी 2005 और अक्टूबर 2005 में लगातार तीन बार इस क्षेत्र में जीत दर्ज की थी। इसके बाद जदयू ने भी यहां लगातार तीन जीत दर्ज कर हिसाब बराबर कर दिया था। जदयू ने 2010, 2015 और 2020 में तीन बार लगातार जीत दर्ज की है। तीनो बार विजय रथ पर सवार होने का अवसर मंत्री विजय कुमार चौधरी को ही मिला। 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू की जीत का अंतर महज 3 हजार 624 वोटों तक सिमट गया था जबकि 2015 के चुनाव में यह अंतर (शेष पृष्ठ 14 पर)

C M Y K

# बिहार ग्रामीण बैंक ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता को लेकर प्रभातफेरी का किया आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा दिनांक 27 अक्तूबर 2025 से 02 नवंबर 2025 तक पूरे राज्य में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आम नागरिकों में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी की भावना जागृत किये जाने हेतु बिहार ग्रामीण बैंक प्रधान कार्यालय पटना एवं क्षेत्रीय कार्यालय पटना द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को प्रभातफेरी का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व बिहार ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय ने किया। यह प्रभातफेरी बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय पटना से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए लोहिया पार्क के पास पैदल मार्च के रूप में संपन्न हुआ। समापन स्थल पर अध्यक्ष ने अपने संबोधन में प्रभातफेरी में शामिल दोनों कार्यालयों और बैंक के विभिन्न शाखाओं से आए हुए सैकड़ों कर्मियों, बैंक ग्राहकों एवं आम नागरिकों में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी की भावना जागृत की। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी से अपने कार्यों के प्रति ईमानदार, निष्ठावान, समय के पाबंद एवं संस्था व राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया और लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध शिकायत करने हेतु विभिन्न माध्यमों यथा शिकायत पोर्टल इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा लोगों से भ्रष्टाचार का हर स्तर पर विरोध करने का आह्वान किया। प्रभातफेरी में बैंक के महाप्रबंधक संतोष कुमार सिन्हा, नागेन्द्र कुमार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, चितरंजन चौधरी, सहायक महाप्रबंधक सुयश जायसवाल व विकाश कुमार भगत एवं क्षेत्रीय प्रबंधक, पटना अतुल प्रकाश के अलावा बैंक के कई अन्य वरीय पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 111-Goriyakothi | Ejaz Ahmed Siddique | 1. J.M.-I, Siwan P.S. Case No. 233/ 2020 Pending 2. A.D.J., Siwan P.S. Case No. 74/ 2016 Pending | 1. Sec: 147, 148,149,341 ,323,447,504, 506 of IPC 2. Section: 406,420,308 IPC | NA | NA | NA |

# 50 दिव्यागजनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत बुनियाद केन्द्र बख्तियारपुर में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पटना तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग पटना के संयुक्त रूप से आदेशानुसार दिव्यांगजनों तथा पेंशनधारियों के बीच मतदाता जागरूकता हेतु रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 50 लाभार्थियों द्वारा मोटरचालित तिपहिया वाहन तथा सामान्य तिपहिया साइकिल के साथ जुलूस निकाला गया। बख्तियारपुर के बीडीओ उज्ज्वल कांत, बख्तियारपुर बुनियाद केंद्र के प्रबंधक अरविंद कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। बीडीओ ने सभी लाभार्थियों को मतदान का अधिकार तथा उनके शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी हेतु संबोधित किया और रैली में भाग लिया। रैली में बुनियाद केंद्र बख्तियारपुर के सुप्रिया कुमारी, राकेश कुमार, गुंजन कुमार, तन्नू शर्मा, खुशबु कुमारी, अंजू कुमारी, श्याम प्रकाश केसरी, सुजीत कुमार, संतोष कुमार, संजीव कुमार तथा अन्य कर्मियों के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान हो उसका नारा लगाते हुए जागरूक किया गया।

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 97-Paroo | Ranjana Kumari | JMFC, Muzaffarpur , Cr.no 3393/2024, & Pending | Sec316(2), 318(2), BNS | NA | NA | NA |

# केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा 1 नवम्बर 2025 को वैशाली जिले में नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहला कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र 125, वैशाली के मतैया महादली टोला में आयोजित हुआ जिसमें मेसर्स विरासत, सारण की टीम ने भाग लिया जबकि दूसरा कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र 126, महुवा के युगल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरपुर बेलवर, जिला वैशाली में दीपशिखा कला सेवा संस्थान, नालंदा की दो दलों के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इन दोनों कार्यक्रमों में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और संवादों के माध्यम से आमजन को लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत कराया तथा यह संदेश दिया कि ह्ললोकतंत्र की पहचान, आपका मतदानह्व। कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को आगामी चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से मतदाताओं को यह समझाया गया कि मतदान न केवल उनका अधिकार है बल्कि लोकतंत्र की मजबूती की सबसे अहम कड़ी भी है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए और उन्होंने मतदान करने का संकल्प लिया। मतदाता जागरूकता से जुड़ा यह अभियान केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना के अपर महानिदेशक एस.के. मालवीय और कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रमों के सफल संचालन में प्रभारी स्वीप कोषांग पदाधिकारी और केन्द्रीय संचार ब्यूरो की नोडल अधिकारी डॉ. अंजना झा की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने पूरे आयोजन की देखरेख की।

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **JAN SURAAJ PARTY**
Name of Election : **General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **BIHAR**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 96-Baruraj | Hira Lal Khadia | 1. S.D.J.M, Muzaffarpur PS Case no 04/20 Baruraj Pending 2. C.J.M. Div-I, Muzaffarpur PS Case no 186/20 Baruraj Pending 3. C.J.M. Div-I, Muzaffarpur PS Case no 191/18 Baruraj Pending 4. C.J.M. Div-I, Muzaffarpur PS Case no 92/16 Baruraj Pending 5. C.J.M. Div-I, Muzaffarpur PS Case no 93/16 Baruraj Pending 6. C.J.M. Div-I, Muzaffarpur PS Case no 115/17 Baruraj Pending | 1. Sec.-341, 323, 504, 506, 307, 379, 34 IPC 2. Sec.- 171(e), 188 IPC 3. Sec.- 147,148,149, 447, 341, 323, 354, 379 IPC 4. Sec.-341, 323, 307, 379, 504, 34 IPC 5. Sec.-341, 323, 307, 379, 504, 34 IPC | NA | NA | NA |

# डुमरांव में नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत से मतदाता जागरूकता संदेश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा 1 नवम्बर 2025 को बक्सर जिले के डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में पुराना भोजपुर चौरास्ता, वार्ड संख्या 11, ब्लॉक डुमरांव में नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एम/एस भारती कला मंच, बक्सर की टीम के कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से स्थानीय लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया। कलाकारों ने गीतों, संवादों और नाट्य रूपांतरण के जरिये यह संदेश दिया कि 'लोकतंत्र की पहचान, आपका मतदान' जिससे लोगों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उत्साह और जिम्मेदारी की भावना को बल मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना था ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आयोजन के दौरान उपस्थित लोगों ने मतदान करने का संकल्प भी लिया। यह कार्यक्रम केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना के अपर महानिदेशक एस.के. मालवीय और कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रभारी स्वीप कोषांग पदाधिकारी और केन्द्रीय संचार ब्यूरो के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश चन्द्र आर्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने पूरे आयोजन की देखरेख की। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का यह प्रयास स्थानीय समुदाय में उत्साह का कारण बना और लोकतंत्र के प्रति जनभागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुआ।

# एनडीए की अगर जीत होती है तो तिलौथू क्षेत्र में पर्यटन का होगा भरपूर विकास : उपेंद्र कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के तिलौथू बजार के एक निजी होटल में रविवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने विपक्षियों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि राजद-कांग्रेस वाले बिहार में फिर जंगल राज लाने के लिए भरपूर कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता ऐसी सरकार को नहीं आने देगी। उन्होंने बताया कि रविवार को आरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित किया जिसके दौरान उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस का सरकार नहीं आने देना है और बिहार में एक बार फिर से एनडीए की मजबूती से सरकार बनाना है। कॉन्फ्रेंस के दौरान कुशवाहा ने भी महागठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि राजद की सरकार में पहले शाम 6:00 बजे के बाद लोगों को अपने घर से निकलने में सोचना पड़ता था। महिलाएं और स्कूली बच्चों के माता पिता के बीच भय का माहौल बना हुआ था। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में शांति व्यवस्था में काफी हद तक सुधार हुआ है और आमजन अमन चैन की जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने सासाराम विधानसभा से चुनाव जीतने के सवाल पर कहा कि इस विधानसभा में लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है जिससे यहां एनडीए की जीत सुनिश्चित है। एक सवाल पर कहा कि सासाराम में मेरा घर है लोग चाहे जो भी सोच। विकास के सवाल पर कहा कि सासाराम विधानसभा में तिलौथू पर मेरा विशेष ध्यान रहेगा क्योंकि यहां पर विकास के कई संभावनायें है जिसमें मेरा पहली प्राथमिकता पर्यटन के क्षेत्र में विकास करना क्योंकि कैमूर पहाड़ी में स्थित मां तुतला भवानी धाम है जहां अभी भी बहुत विकास करना है। ऐसे तो मेरा प्राथमिकता पूरे शाहाबाद क्षेत्र है लेकिन उसमें रोहतास जिला अहम है। उसी तरह रोहतास में भी तिलौथू का क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने इस क्षेत्र में किसानों को लेकर भी चिंता जाहिर करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में कभी अधिक बारिश हो जाये तभ भी समस्या होती है और गर्मी के दिनों में भी पानी की कमी की समस्या होती है। इन सभी समस्याओं को उन्होंने बताया और उसके निदान के लिए भी आश्वासन दिया और बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो केंद्र सरकार की भी सहायता लेंगे।

## वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** थाना क्षेत्र की देवडिही गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया और जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई कर जांच करने के बाद जेल भेज दिया जाए जिसका नाम परमानंद बिंद बताया गया।

# गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/सहरसा।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सी.बी.सी.), पटना एवं स्वीप कोषांग, सहरसा द्वारा जिले में गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लगातार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना में पंजीकृत सांस्कृतिक दल 'लोग रंग मधुबनी' के कलाकारों ने रविवार को सोनवर्षा विधानसभा के विशनपुर गांव में मनमोहक गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर भारी संख्या में लोगों को बिहार विधानसभा आम चुनाव-2025 में अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने अपने गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए आगामी 6 नवम्बर को अपने- अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर सभी से अवश्य मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई कि अगर किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन किसी कारणवश उनके पास वोटर कार्ड (मतदाता पहचान पत्र) नहीं है ऐसे व्यक्ति भी मतदान केंद्र पर फोटो लगा हुआ कोई एक कार्ड जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राविंग लाइसेंस, बैंक/पोस्ट आफिस पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड इत्यादि लेकर जाकर मतदान कर सकते हैं। सांस्कृतिक दल के कलाकारों में टीम लीडर जटाधर पासवान, नन्द कुमार, रीति प्रिया, चंदन कुमार और गणेश कुमार शामिल थे।

# पहले चरण के चुनाव से पूर्व सारण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सारण।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सी.बी.सी.), पटना एवं स्वीप कोषांग, सारण द्वारा जिले के मांझी, एकमा एवं बनियापुर बिधानसभा में गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान के चौथे दिन रविवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना में पंजीकृत सांस्कृतिक दल 'द स्ट्रगलर, पटना' के कलाकारों ने 115 बनियापुर बिधानसभा क्षेत्र के बंगाली पट्टी में, सांस्कृतिक दल 'सम्राट मैजिक, पटना' के कलाकारों ने 113 एकमा बिधानसभा क्षेत्र के हंसराजपुर में तथा सांस्कृतिक दल 'नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान, सारण' के कलाकारों ने 114 मांझी विधानसभा क्षेत्र के घोरघाट में मनमोहक गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक एवं जादू का प्रदर्शन प्रस्तुत कर भारी संख्या में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने अपने गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक एवं जादू कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित स्थानीय लोगों को खासकर के युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन एवं पहली बार मतदान करने वालों को मतदान के महत्व को समझाते हुए आगामी 6 नवम्बर को अपने- अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अत्यधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जरूर से जरूर मतदान करने की अपील की गई। साथ ही कलाकारों द्वारा जानकारी दी कि अगर किसी मतदाता का मतदाता सूची में नाम है, लेकिन मतदाता पहचान पत्र नहीं है ऐसे व्यक्ति भी मतदान केंद्र पर फोटोयुक्त पहचान पत्रों जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र इत्यादि लेकर मतदान केंद्र पर जाकर मतदान दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने जनता के प्रश्नों जैसे 'हम मतदान क्यों करें, हमारे एक वोट देने से क्या होगा' आदि सवालों का विस्तार से उत्तर दिया एवं बताया कि हमारा एक मत हमारी आने वाली पांच वर्ष की जीवन बदल सकती है। इस मौके पर सांस्कृतिक दल के टीम लीडर के अलावा काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## हेल्थ एजुकेशन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन एवं लेट इंस्पायर बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आज रोहतास जिले के सासाराम क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और दैनिक स्वास्थ्य से जुड़ी बुनियादी सावधानियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं स्थानीय चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि लेट इंस्पायर बिहार के मार्गदर्शन में बिहार को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास लगातार जारी है। इसी क्रम में फाउंडेशन द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में हेल्थ एजुकेशन एवं अवेयरनेस वर्कशॉप आयोजित की जा रही है।

# आरपीएफ डिहरी ने देसी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** निरीक्षक प्रभारी/रेसुब डिहरी ऑन सोन रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, साथ सहायक उप निरीक्षक जे पी चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षी बी.बी. मिश्र, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन, सभी रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन में गश्त व अपराधी गतिविधि निगरानी करते हुए स्टेशन से पाली पुल के तरफ जा रहे थे। उसी दौरान स्टेशन से करीब 100 मीटर पूरब एक व्यक्ति कृष्णा कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता महेंद्र चौधरी, ग्राम पुंडरी, थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास (बिहार) को तीन बैग में कुल 10.8 लीटर छबीली देसी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर सभी अवैध शराब को विधिवत जब्त किया गया जिसे अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते रेल थाना अध्यक्ष डिहरी ऑन सोन थाना को उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त, जब्त शराब मय कागजात के साथ सुपुर्द किया गया जहां उक्त व्यक्ति एवं जब्त देशी शराब के विरुद्ध संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया।

# दुसाध जागृति एवं सांस्कृतिक चेतना मंच ने लोजपा (रा) प्रत्याशी सोनू सिंह को दिया समर्थन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** एनीकेट स्थित चौहरमल धाम में रविवार को दुसाध जागृति मंच एवं सांस्कृतिक चेतना मंच की एक बैठक अध्यक्ष संजय पासवान की अध्यक्षता हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुसाध (पासवान) समाज डिहरी विधानसभा क्षेत्र से लोजपा आर उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंकेगी। डिहरी डालमियानगर नगर परिषद क्षेत्र के साथ ही डिहरी तथा अकोढ़ीगोला प्रखंड के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में पासवान समाज के लोगों ने शिरकत की। बैठक के अंत में लोजपा आर उम्मीदवार को बुलाकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस बैठक को संरक्षक राजाराम पासवान, डॉ एके विमल, अमरेन्द्र पासवान, मुन्ना पासवान, देवकुंड पासवान, नप के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु पासवान, सुदामा पासवान, धर्मदेव पासवान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : Shravan Kumar, Vill+P.O.- Sareya, P.S.- Baniyapur, Saran, 841403

Name of political party : JAN SURAAJ PARTY

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

Name of Constituency : 115-BANIAPUR

I Shravan Kumar, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A.C.J.M- VIII | PS 50/11, Baniapur | Pending | Sec. 147,148,149,323,307,379,342,435,384, 386, 504,506IPC and Sec.27 Arms Act. (Rioting, rioting with weapon, unlawful assembly, hurt, attempt to murder, theft, wrongful confinement, mischief by fire, extortion, robbery, insult, intimidation, and use of arms) |
| 2 | A.C.J.M-VIII | PS 239/19, Baniapur, Tr. No. 2209/25 | Pending | Sec. 188, 123 RPA ACT (Disobedience of public order and corrupt practices in elections) |
| 3 | A.C.J.M-VI, Siwan | Family Suit 448/22, Tr No.1816/25 | Pending | Sec. 138 NI ACT (Dishonor of cheque for insufficiency of funds.) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: Yogendra Singh , VILLAGE-KURUR, POST-KURUR, PS-KARAKAT, DIST-ROHTAS, PIN-802212

Name of political party : Jan Suraaj Party

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of Constituency : 213-Karakat

I **Yogendra Singh** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | SDJM, Bikramganj | PS Case no 33/2016,Karkat | Pending | Sec 379 IPC & 40 of Bihar Mining Act (Theft, Offense under Bihar Mining Act (unauthorized mining)) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N.A | N.A | N.A | N.A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 83-Dharbhanga | R. K Mishra | 1. S.D.J.M., Patna P.S. Case No.- 815124 (Gandhi Maidan) Pending | 1. Sec. 191(2), 191(3), 190, 223, 131, 132, 324(4), BNS | NA | NA | NA |

**Format C-2**

*(For political party lo publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : Jan Suraaj Party

* Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025
Name of State/ UT : Bihar

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | 89 Aurai | Radha Raman | A.C.J.M IV, Patna sadar , PS Case no 131/25,Patna Hawai Adda & Pending | Sec191(2),190, 189(5),195(1), 132,61(2), 352 BNS | NA | NA | NA |

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 90-Minapur | Tej Narayan Sahni | C.J.M , Muzaffarpur P.S Case no 20/2024 (Muzaffarpur) Pending | Sec- 341, 323, 324, 376(d), 506,34 IPC | NA | NA | NA |

# रफीगंज में एनडीए प्रत्याशी प्रमोद सिंह को मिल रहा जन समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही रफीगंज क्षेत्र में एनडीए जदयू प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह के पक्ष में समर्थन की लहर तेज होती दिख रही है। रविवार को उन्होंने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत नीमा, हुड़राही, कैलाशपुर, धनावां, लहंगिआ, रघुनाथपुर, लोहरा, लोहरा बिगहा, बुधौल, गम्हरिया, भटकुरहा, असेया, जकरिया, सिम्मा, लहास, सिंहदा, कुंवर बिगहा, गोरडीहा, औरवाँ, मई, मई बीघा, पांती, प्राणपुर और मोबारकपुर समेत कई गांवों का दौरा किया। जहां भी प्रमोद सिंह पहुंचे, ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार



स्वागत किया और एनडीए के प्रति अपना मजबूत समर्थन जताया। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में विकास, सुशासन और स्थायी परिवर्तन के लिए प्रमोद सिंह ही उपयुक्त विकल्प हैं। प्रमोद कुमार सिंह ने जनता के अपार उत्साह पर आभार व्यक्त करते हुए कहा, "इस बार रफीगंज की जनता खुलकर मेरे साथ खड़ी है। बदलाव की चाह और विकास की आकांक्षा गांव-गांव में साफ दिख रही है। मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि 11 नवंबर को 'दो नंबर तीन निशान' के सामने अपना अमूल्य वोट देकर मुझे सेवा का अवसर प्रदान करें, ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास गति पकड़ सके।" जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और महिलाएं शामिल रहीं। क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में मजबूत चुनावी माहौल देखा जा रहा है। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, विधानसभा संयोजक दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, हम प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, भाजपा महामंत्री शिवनारायण साव, विपिन सिंह, सुनील सिंह, प्रोफेसर संतोष सिंह, रामनायक सिंह, भोला शर्मा सहित हजारों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# अवैध शराब की आपूर्ति व परिवहन में संलिप्त दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला प्रशासन एवं उत्पाद विभाग, नवादा द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में बीते दिवस नवादा शहरी क्षेत्र एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अवैध शराब की आपूर्ति व परिवहन में संलिप्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पहली कार्रवाई नवादा शहरी क्षेत्र के शोभिया मंदिर के समीप की गई, जहां गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि लाल एवं काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से शराब की अवैध होम डिलीवरी की जा रही है। उत्पाद दल द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए संदिग्ध पल्सर बाइक सवार युवक को रोकने का प्रयास किया गया। युवक द्वारा भागने की कोशिश करने पर टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान अरबाज खान, पिता साहब खान, निवासी ग्राम भदोनी, थाना नगर के रूप में की गई। तलाशी के दौरान उसकी कमर में शर्ट के नीचे छिपाकर रखी गई रॉयल स्टैग डीलक्स प्रीमियम व्हिस्की (375 एमएल) की 7 बोतलें बरामद हुईं, जिसकी कुल मात्रा 2.625 लीटर पाई गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक अवर निरीक्षक दीपक कुमार ने किया, जिसमें सहायक अवर निरीक्षक सुबोध कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

दूसरी कार्रवाई आज सुबह लगभग 09:00 बजे नवादा रेलवे स्टेशन पर की गई। जीआरपी के अवर निरीक्षक रवि प्रकाश सिंह के सहयोग से हावड़ा–गया एक्सप्रेस ट्रेन की जांच के क्रम में यात्री राहुल कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता भूषण यादव, ग्राम गांधीनगर, थाना नवादा को संदिग्ध पाए जाने पर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके दो बैगों में से एक में विशेष पैकिंग किए हुए ऑफिसर चॉइस एलिट व्हिस्की 180 एमएल के 43 टेट्रा पैक तथा दूसरे बैग में किंगफिशर अल्ट्रा प्रीमियम माल्ट बियर 500 एमएल की 16 बोतलें, सभी पर "फोर सेल इन वेस्ट बंगाल" अंकित पाया गया। कुल बरामद शराब की मात्रा 15.740 लीटर रही। उक्त युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस अभियान का नेतृत्व सहायक अवर निरीक्षक अलका वर्मा ने किया तथा सहयोगी के रूप में सहायक अवर निरीक्षक सुबोध कुमार, विश्वजीत कुमार सिंह एवं अवर निरीक्षक रेलवे पुलिस रवि प्रकाश सिंह की भूमिका रही।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025: सहभागी लोकतंत्र की ओर बढ़ते कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस महापर्व में मतदाताओं की शत-प्रतिशत और जागरूक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, जहानाबाद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जोर-शोर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय के नेतृत्व मे नियमित रुप से चलाया जा रहा है। इस अभियान में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका और विकास मित्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**स्वीप रचनात्मक गतिविधि से फैल रहा जागरुकता अभियान**

रंगोली बनाना और शपथ ग्रहण कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका/सहायिका एवं विकास मित्रों द्वारा जहानाबाद जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्रो के सार्वजनिक स्थलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका अपने अपने पोषक क्षेत्रों मे "पहले मतदान, फिर जलपान" और "वोट डालना है, फ़र्ज़



निभाना है" जैसे नारों को आकर्षक रंगोली के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। रंगोली के माध्यम से न केवल कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया जा रहा है, बल्कि यह मतदाताओं खासकर महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रभावी कदम के रूप में देखा जा रहा है।इसके साथ ही, सभी सरकारी कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों और मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई जा रही है। यह शपथ लोगों को बिना किसी प्रलोभन या भय के, निष्पक्ष रूप से मतदान करने के लिए नैतिक रूप से प्रतिबद्ध करती है।

**घर-घर दस्तकः** जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में विकास मित्रों का घर-घर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। विकास मित्र द्वारा वैसे ग्रामीण मतदाता जो अशिक्षित हैं उन्हें जागरूकता अभियान के माध्यम से घर-घर जाकर 11 नवम्बर को मतदान करने की जानकारी दी जा रही हैं।

मतदाता जागरूकता में कारगर हो रहा संयुक्त प्रयास—आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और विकास मित्र—बिहार के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में एक मिसाल कायम कर रहा है। उनका यह समावेशी और समर्पित अभियान यह सुनिश्चित करता है कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में हर नागरिक की आवाज सुनी जाए और लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो।

## लाइसेंसधारी हथियारों को जमा कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से हसपुरा थाना क्षेत्र के सभी लाइसेंसधारी हथियारों को जमा कराने का निर्देश जारी किया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस कप्तान के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है, ताकि मतदान अवधि के दौरान किसी भी तरह की अराजक स्थिति पैदा न हो। थानाध्यक्ष के अनुसार, हसपुरा थाना क्षेत्र में कुल 47 हथियार लाइसेंसधारी हैं, जिन सबको अपने-अपने आर्म्स थाना में जमा कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सभी लाइसेंसधारकों को उनके हथियार नियमानुसार वापस कर दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव को लेकर पूरे इलाके में पुलिस-प्रशासन पूर्ण सतर्कता बरत रहा है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

**Format C-2**

*(For political party lo publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : Jan Suraaj Party

* Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025
Name of State/ UT : Bihar

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | 95-Kanti | Sudarshan Mishra | A.C.J.M IV, Patna , PS Case no 131/2025 Patna & Pending | Sec 191(2),190, 189(5), 195(1),132, 61(2),352 BNS | NA | NA | NA |

# विधानसभा चुनाव को लेकर गया प्रशासन सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन को लेकर गया जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हो गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों और थानाध्यक्षों के साथ संयुक्त बैठक कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्पष्ट और कड़े निर्देश जारी किए हैं। बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है और इसका कठोर अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और प्रतिद्वंद्वी दलों के प्रत्याशियों के बीच कुछ छिटपुट घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने यह तय किया है कि जिले में चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। निर्देश में कहा गया कि किसी भी प्रत्याशी द्वारा निकाले जाने वाले चुनाव प्रचार जुलूसों में वाहन और व्यक्तियों की संख्या निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए और इसका उल्लंघन करने पर त्वरित तथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चुनाव प्रचार काफिलों में शामिल किसी भी समर्थक के पास किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र नहीं होना चाहिए। प्रत्येक थाना क्षेत्र में गुंडा पंजी में दर्ज अपराधियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक चेक नाका पर 24 घंटे वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाशी कराई जाएगी ताकि किसी भी स्थिति में अवैध हथियार, नकदी या मादक पदार्थों की आवाजाही संभव न हो। सभी शस्त्रों का सौ प्रतिशत सत्यापन और उन्हें थाना के निकटतम शस्त्र दुकान में जमा कराना सुनिश्चित किया जाएगा। जिन अनुज्ञप्तिधारियों को छूट दी जानी है, उनके मामले में जिला स्तरीय समिति की विधिसम्मत अनुशंसा आवश्यक होगी। शशांक शुभंकर और आनंद कुमार ने निर्देश दिया कि उपलब्ध केंद्रीय सशस्त्र बलों और बिहार पुलिस बल का प्रभावी उपयोग करते हुए सभी थाना क्षेत्रों में लगातार एरिया डॉमिनेशन एक्सरसाइज आयोजित की जाए। इस प्रक्रिया में थानाध्यक्षों और वरीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य होगी।



## शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** जिले के गुरारू थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। ग्राम रौदा में छापेमारी के दौरान पुलिस ने महिला के पास से चार लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। महिला को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) मो. इजहार के नेतृत्व में पुलिस बल जब मौके पर पहुंचा तो पुलिस की गाड़ी देखकर एक महिला भागने लगी। महिला पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में महिला ने अपनी पहचान गुड़िया देवी, पति अवधेश चौधरी, निवासी रौदा, थाना गुरारू, जिला गया के रूप में बताई। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली जहां से कुल चार लीटर देशी महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब को सैंपल परीक्षण के लिए भेजा गया है। गुरारू थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार महिला को बिहार मद्य निषेध कानून के तहत शनिवार दोपहर 2 बजे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## प्रो. बलिराम शर्मा की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद एस एन सिन्हा कॉलेज टिकारी के भूगोल विभागाध्यक्ष रहे स्व. प्रो. बलिराम शर्मा की 13वीं पुण्यतिथि रविवार को पैतृक गांव शहवारा में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके प्रतिमा स्थल के पास वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन एव पूजा अर्चना कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये शिक्षा और राजनीतिक क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को भावपूर्ण स्मरण करते हुये कहा कि प्रो. शर्मा ने शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया एवं सामाजिक और राजनीतिक चेतना को भी नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर उनके पुत्र डॉ. आनन्द भारती परिजनों के साथ-साथ चितरंजन शर्मा, श्रीबाबू, राजू शर्मा, अखिलेश शर्मा आदि शामिल थे।

## प्रचार वाहन का पोस्टर फाड़ने पर मामला दर्ज

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में प्रचार-प्रसार तेज है। इसी दौरान प्रत्याशी के प्रचार वाहन का पोस्टर फाड़ने की घटना सामने आई है। इस संबंध में कोंच थाना में रविवार को मामला दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि ग्राम घोरहा निवासी रामानंद पासवान ने आवेदन देकर कहा है कि वे 30 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे हम प्रत्याशी डॉ. अनिल कुमार के प्रचार वाहन पर सवार थे और ग्राम रोड़ा पाकड़ मोड़ के पास प्रचार कर रहे थे। तभी लगभग आठ लोग पहुंचे और गाड़ी पर लगे बैनर व पोस्टर फाड़ दिए। सभी आरोपी गेंद बिगहा गांव के बताए गए हैं।


**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: Md. Ishaque Alam, Tabarak Nagar Ward No 05, Loharpatti Road Post+Thana+District-Kishanganj (Bihar) Pin-855108

Name of political party : JAN SURAAJ PARTY

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of Constituency : 54-KISHANGANJ

I **Md. Ishaque Alam** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CJM,Kishanganj | PS Case no 257/2010, Kishanganj | Pending | Sec 188 IPC (Disobedience to an order duly promulgated by a public servant.) |
| 2. | JM 1st Class,Kishanganj | PS Case no 13/2019, Paukhali | Pending | Sec-171(C) IPC and 3 public Defacement of Property act (Undue influence or interference in elections, and defacement or damage to public property.) |
| 3. | JM 1st Class,Kishanganj | Ps Case no 12/19, Paukhali | Pending | Sec-171(C) IPC and 3 public Defacement of Property act (Undue influence or interference in elections, and defacement or damage to public property.) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | N.A | N.A | N.A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25'" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
*** Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
**Name of State/ UT : Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 99-Baikunthpur | Ajay Prasad | 1. JM, Gopalganj, PS Case no 40/2013, Baikunthpur & Pending 2. JM, Gopalganj, Ps Case no 14 3/2014 ,Baikunthpur & Pending | 1. Sec 143, 341,,342,363, 504 IPC 2. Sec 341,323,504 IPC | NA | NA | NA |



**बिहार सरकार**

**निर्वाचन विभाग**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

**बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के प्रथम चरण में मतदान के समय से संबंधित आवश्यक सूचना**

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के प्रथम चरण के 121 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों का मतदान **दिनांक 06.11.2025 (गुरूवार)** को निर्धारित है। इन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय निम्नवत् है :–

| जिला का नाम | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम | मतदान का समय | मतदान की तारीख |
|---|---|---|---|
| मधेपुरा | 70–आलमनगर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 71–बिहारीगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 72–सिंहेश्वर (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 73–मधेपुरा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| सहरसा | 74–सोनबरसा (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 75–सहरसा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 76–सिमरी बख्तियारपुर | **पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक** | |
| | 77–महिषी | **पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक** | |
| दरभंगा | 78–कुशेश्वरस्थान (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 79–गौड़ाबौराम | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 80–बेनीपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 81–अलीनगर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 82–दरभंगा ग्रामीण | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 83–दरभंगा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 84–हायाघाट | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 85–बहादुरपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 86–केवटी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 87–जाले | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| मुजफ्फरपुर | 88–गायघाट | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 89–औराई | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 90–मीनापुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 91–बोचहाँ (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 92–सकरा (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 93–कुढ़नी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 94–मुजफ्फरपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 95–काँटी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 96–बरूराज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 97–पारू | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 98–साहेबगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| गोपालगंज | 99–बैकुण्ठपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 100–बरौली | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 101–गोपालगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 102–कुचायकोट | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 103–भोरे (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 104–हथुआ | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| सिवान | 105–सिवान | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 106–जीरादेई | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 107–दरौली (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 108–रघुनाथपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 109–दरौंदा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 110–बड़हरिया | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 111–गोरेयाकोठी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 112–महराजगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| सारण | 113–एकमा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 114–मांझी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 115–बनियापुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 116–तरैया | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 117–मढ़ौरा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 118–छपरा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 119–गरखा (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 120–अमनौर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 121–परसा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 122–सोनपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| वैशाली | 123–हाजीपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 124–लालगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 125–वैशाली | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 126–महुआ | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 127–राजापाकर (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 128–राघोपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 129–महनार | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 130–पातेपुर (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| समस्तीपुर | 131–कल्याणपुर (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 132–वारिसनगर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 133–समस्तीपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 134–उजियारपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 135–मोरवा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 136–सरायरंजन | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 137–मोहिउद्दीननगर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 138–विभूतिपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 139–रोसड़ा (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 140–हसनपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| बेगूसराय | 141–चेरिया बरियारपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 142–बछवाड़ा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 143–तेघड़ा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 144–मटिहानी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 145–साहेबपुर कमाल | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 146–बेगूसराय | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 147–बखरी (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| खगड़िया | 148–अलौली (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 149–खगड़िया | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 150–बेलदौर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 151–परबत्ता | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| मुंगेर | 164–तारापुर | **पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक** | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 165–मुंगेर | **पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक** | |
| | 166–जमालपुर | **पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक** | |
| लखीसराय | 167–सूर्यगढ़ा | **(1) मतदान केन्द्र सं०–168, 169, 228, 229, 231 से 234, 240, 242, 248, 249, 260 से 273, 362 से 372, 380, 385, 407, 408, 416, 417, 422, 425 से 436 कुल 56 मतदान केन्द्र के लिए मतदान का समय 7:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक (2) शेष सभी मतदान केन्द्रों के लिए मतदान का समय 7:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराह्न तक** | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 168–लखीसराय | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| शेखपुरा | 169–शेखपुरा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 170–बरबीघा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| नालन्दा | 171–अस्थावाँ | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 172–बिहारशरीफ | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 173–राजगीर (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 174–इस्लामपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 175–हिलसा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 176–नालन्दा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 177–हरनौत | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| पटना | 178–मोकामा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 179–बाढ़ | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 180–बख्तियारपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 181–दीघा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 182–बाँकीपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 183–कुम्हरार | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| पटना | 184–पटना साहिब | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 185–फतुहा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 186–दानापुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 187–मनेर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 188–फुलवारी (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 189–मसौढ़ी (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 190–पालीगंज | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 191–बिक्रम | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| भोजपुर | 192–संदेश | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 193–बड़हरा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 194–आरा | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 195–अगिआँव (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 196–तरारी | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 197–जगदीशपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 198–शाहपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| बक्सर | 199–ब्रहमपुर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | 06.11.2025 (गुरूवार) |
| | 200–बक्सर | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 201–डुमराँव | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |
| | 202–राजपुर (अ0जा0) | पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक | |

(अमित कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR. No. 017389 (Election) 2025-26

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें**

संपादकीय

# चक्रवात 'मोंथा' की मार..

बंगाल की खाड़ी में आया चक्रवात 'मोंथा' भले ही कमजोर पड़ गया है, लेकिन वह अपने पीछे भारी तबाही छोड़ गया है। हालांकि आजकल तूफान की काफी कुछ जानकारी पहले से मिल जाने के कारण जनहानि को काफी हद तक रोक लिया जाता है। लेकिन फसलों और सम्पत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। मोंथा के कारण सर्वाधिक तबाही आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में हुई है। आंध्र में तीन लोगों की मौत और करीब 1.5 लाख एकड़ फसल बर्बाद हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार राज्य में 5 हजार 265 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। जबकि तेलंगाना में भारी बारिश से वारंगल और हनमकोंडा में दो हजार लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। इस बीच मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में भी बारिश जारी है। बृहस्पतिवार को यूपी के अयोध्या, लखनऊ-कानपुर समेत 15 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हुई। काशी में बारिश से जलभराव हो गया। मध्य प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तेज हवा चली। राजस्थान के जयपुर, अलवर, करौली सहित कई जिलों में बृहस्पतिवार सुबह तेज बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। उधर, नेपाल में चक्रवात 'मोन्था' के असर से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। उधर नेपाली मौसम विभाग ने 26 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन का अलर्ट जारी किया है। कोशी, मधेश और बागमती प्रांतों की नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ने की आशंका जताई गई है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और नदी किनारे के इलाकों से दूर रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि अरब सागर के पूर्व-मध्य भाग में एक और निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। कुल नुकसान की दृष्टि से सर्वाधिक हानि तटीय राज्य आंध्र प्रदेश में ही हुई है। राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र ही केन्द्र सरकार को भेजी जाएगी। हालांकि पहले तूफान और बाद में बारिश के कारण राज्य के प्रमुख जलाशय 90 प्रतिशत तक भर चुके हैं। तूफान के कारण बिहार, राजस्थुान, मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश में भी काफी बारिश हो रही है। 25 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इससे सभी उत्तरी राज्यों में ठंड बढ़ गई है और आसमान पर बादल और कई जगह कोहरा छा गया है। इससे ऐसा लगता है कि मानो सर्दियां एक माह पहले ही आ गई हैं। गौरतलब है कि बंगाल की खाड़ी में आए इस तूफान को 'मोंथा' नाम थाईलैंड ने दिया है। जिसका अर्थ होता है 'सुंदर, सुगंधित फूल।' भले ही इसने भारी तबाही मचाई हो। दरअसल तूफानों को उनकी तासीर के विपरीत इतने खूबसूरत नाम वर्ल्ड मीटिरियोलॉजिकल ऑर्गनाइजेश ( डब्लूएमओ) तथा इकॉनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पेसिफिक पैनल द्वारा दिए जाते हैं। इस संगठन के 13 सदस्य हैं, जिनमें थाईलैंड भी शामिल है।

समुद्र में तूफान आना एक प्राकृतिक और निरंतर होती रहने वाली घटना है। उसमें भी बंगाल की खाड़ी में अरब सागर की तुलना में ज्यादा तूफान आते हैं। हर तूफान अपने पीछे बर्बादी की कहानी छोड़ जाता है। अच्छी बात यह है कि केन्द्र व राज्य सरकार ने अब पहले की तुलना में तूफानों को लेकर पहले से ज्यादा सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। तूफान की सूचना मिलते ही राहत और बचाव के काम शुरू कर दिए जाते हैं। लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की चेतावनियां दी जाती हैं। सरकारी मशीनरी स्वयं लोगों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित कर देती हैं। लोगों के आश्रय के साथ-साथ खाने आदि की व्यवस्था भी की जाती है। बेशक तूफान, प्रकृति का प्रकोप है, लेकिन उसके नुकसान को कम करना मनुष्य के हाथ में है।

# सरकारी स्कूल की मजबूती में विकास की बुनियाद

**आज देश में लगभग 97 लाख शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 55 लाख सरकारी स्कूलों में तैनात हैं। इनमें से एक बड़ा हिस्सा मल्टी-ग्रेड शिक्षा जैसी कठिन परिस्थिति में काम कर रहा है—जहाँ एक ही कक्षा में कई स्तरों के बच्चे होते हैं। शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं निरंतर सीखने के अवसरों की कमी शिक्षा-गुणवत्ता पर स्पष्ट असर डाल रही है। कई राज्यों में संविदा या अतिथि शिक्षक वर्षों तक अस्थिर सेवा परिस्थितियों में रहते हैं, जो उनके मनोबल और जिम्मेदारी दोनों को प्रभावित करती हैं। वहीं ऐसे भी विद्यालय हैं जहाँ तीन-चार शिक्षक छात्रों से कहीं अधिक संख्या में तैनात हैं। यह शिक्षक वितरण की गंभीर खामी है, जिसके समाधान के बिना शिक्षा की स्थिति सुधरना मुश्किल है।**

**कुमार सिद्धार्थ**

भारत में शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने के बाद यह व्यापक अपेक्षा थी कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचेगी और सरकारी स्कूल समाज में समान अवसरों के वाहक बनेंगे। लेकिन ताज़ा आँकड़े हमें ऐसे चौंकाने वाले तथ्य दिखा रहे हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि देश की शिक्षा व्यवस्था में संसाधनों की उपलब्धता और उनके उपयोग के बीच भारी असंतुलन मौजूद है। केंद्र सरकार की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, देश में लगभग 8,000 ऐसे सरकारी स्कूल हैं, जिनमें एक भी छात्र नामांकित नहीं है। इनमें 20,000 से अधिक शिक्षक अब भी पदस्थ हैं। यानी शिक्षक हैं, भवन भी मौजूद हैं, वेतन भी दिया जा रहा है, लेकिन पढ़ने वाला एक भी बच्चा नहीं। यह स्थिति न केवल सरकारी धन के उपयोग पर सवाल खड़े करती है, बल्कि नीति-निर्माता सोच की जमीन से दूर होने का संकेत भी देती है।

दूसरी ओर, कई राज्य- विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और मध्यप्रदेश - उन क्षेत्रों में हैं जहाँ छात्र-शिक्षक अनुपात राष्ट्रीय मानक 30:1 से कई गुना अधिक है। कहीं शिक्षक खाली बैठे हैं और कहीं एक शिक्षक सौ-सौ बच्चों की सीखने की जिम्मेदारी ढो रहा है। यह स्थिति त्रुटिपूर्ण नियुक्ति, अनुपयुक्त तैनाती और योजनागत नासमझी का सम्मिलित संकेत है।

पिछले दशक में ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर तेजी से पलायन हुआ। रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा – तीनों की तलाश ने अभिभावकों को कस्बों और महानगरों की ओर धकेला। इससे अनेक गाँवों में जनसंख्या इतनी कम हो गई कि स्कूल प्रायः खाली हो गए। दूसरी ओर निजी विद्यालयों की चमक, अंग्रेज़ी माध्यम और बेहतर परिणामों के दावों ने अभिभावकों का विश्वास सरकारी विद्यालयों से दूर कर दिया। ऐसे में सरकारी स्कूलों में शिक्षक और भवन तो रह गए, पर बच्चे खोते चले गए। आज देश में लगभग 97 लाख



शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 55 लाख सरकारी स्कूलों में तैनात हैं। इनमें से एक बड़ा हिस्सा मल्टी-ग्रेड शिक्षा जैसी कठिन परिस्थिति में काम कर रहा है—जहाँ एक ही कक्षा में कई स्तरों के बच्चे होते हैं। शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं निरंतर सीखने के अवसरों की कमी शिक्षा-गुणवत्ता पर स्पष्ट असर डाल रही है। कई राज्यों में संविदा या अतिथि शिक्षक वर्षों तक अस्थिर सेवा परिस्थितियों में रहते हैं, जो उनके मनोबल और जिम्मेदारी दोनों को प्रभावित करती हैं। वहीं ऐसे भी विद्यालय हैं जहाँ तीन-चार शिक्षक छात्रों से कहीं अधिक संख्या में तैनात हैं। यह शिक्षक वितरण की गंभीर खामी है, जिसके समाधान के बिना शिक्षा की स्थिति सुधरना मुश्किल है।

अगर हम मध्यप्रदेश की बात करें, यहाँ लगभग 1.2 लाख प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनमें लाखों बच्चों का भविष्य आकार लेता है। लेकिन 'असर' और नेशनल अचीवमेंट जैसे सर्वे बताते हैं कि चौथी-पाँचवीं कक्षा के अनेक बच्चे अपनी कक्षा-स्तर के हिसाब से सरल गणित नहीं कर पा रहे और पढ़-समझने में असमर्थ पाये जा रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि शिक्षा केवल स्कूल जाने की क्रिया तक सीमित रह गई है, सीखना केंद्र में नहीं है। बुनियादी ढाँचे में भी असमानता है—कहीं शौचालय, पेयजल, बिजली जैसी सुविधाएँ नहीं, तो कहीं शिक्षक व संसाधन बहुतायत में।

मध्यप्रदेश में कुछ सकारात्मक पहल देखने को मिली है—जैसे राज्य में सांदीपनी स्कूलों (ष्टरू ऋद्धस्थ) की शुरुआत, कई स्कूलों में स्मार्ट क्लास, विज्ञान-गणित लैब और डिजिटल शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। परंतु राज्य के एक बड़े हिस्से में स्थिति अब भी चिंताजनक है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों को मिलाने और दूरी बढ़ने के कारण छोटे बच्चों विशेषकर लड़कियों के नियमित विद्यालय आने में कठिनाइयाँ बढ़ी हैं। शिक्षक वितरण में असमानता के कारण कुछ स्कूलों में आवश्यक विषयों के शिक्षक उपलब्ध ही नहीं होते। यह समस्या विशेष शिक्षकों की कमी के रूप में अधिक दिखाई देती है - जैसे विज्ञान, गणित या अंग्रेज़ी के शिक्षक।

शिक्षक केवल संख्या नहीं, शिक्षा-प्रणाली का केंद्र हैं। पर वास्तविकता यह है कि कई राज्यों में उन्हें चुनावी कार्य में बीएलओ बनाकर तैनात कर दिया जाता है। उदाहरणस्वरूप गुजरात में इस वर्ष लगभग 39,000 शिक्षक बीएलओ बनाए गए। शिक्षा संघों का दावा है कि संबंधित कर्मचारियों में 95त्न शिक्षक ही हैं। बिहार के पटना जिले में भी बीएलओ तैनाती के कारण कक्षाएँ प्रभावित होने की खबरें सामने आई। अमूमन ये स्थितियां सभी राज?यों में देखने को मिलती है।

इस सुधार-प्रक्रिया में एक अहम बिंदु यह रहेगा कि शिक्षक-कार्य का बोझ केवल पाठ-शिक्षण तक सीमित रहे, अन्य सरकारी भूमिकाओं में उनकी तैनाती न्यूनतम हो। चुनाव आयोग या राज्य निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि बीएलओ तैनाती के लिए ऐसे सरकारी कर्मचारी नियुक्त हों जिनकी प्राथमिक भूमिका शिक्षा न हो या यदि शिक्षक को नियोजित किया जाए, तो उनकी मुख्य कक्षात्मक जिम्मेदारी सुरक्षित रहनी चाहिए। इससे विद्यालय व्यवस्था में 'शिक्षक तो तैनात हैं, पर पढ़ा नहीं पा रहे' जैसी स्थिति से पार पाया जा सकेगा।


भारत जैसे विशाल और विविधता-पूर्ण देश में एक समान शिक्षा-नीति चलाना व्यावहारिक नहीं है। हर क्षेत्र, हर समुदाय का अपना परिप्रेक्ष्य, अपनी चुनौतियाँ हैं। इसलिए नीतियाँ बनाते व लागू करते समय लचीलापन व स्थानीय जरूरतों की समझ केंद्र में होनी चाहिए।

मध्यप्रदेश सहित भारत भर में शिक्षा नीति का अगला चरण यही होना चाहिए कि विद्यालयों में शिक्षक-मुख्य कर्तव्य (कक्षा-शिक्षण) पर हों, अन्य कार्य उनकी भूमिका को बाधित न करें, और शिक्षा-संसाधनों का पुनर्वितरण इस दृष्टि से हो कि खाली स्कूल, शिक्षक-अवंटन की अनियमितताएँ और गैर-शिक्षण जिम्मेदारियाँ हट कर वास्तविक सीखने-परिणामों पर केन्द्रित हों। इस तरह जब शिक्षक पूरी तरह 'पढ़ाने' में समर्पित हों, तभी हम कह सकते हैं कि शिक्षा-व्यवस्था छात्रों के लिए सचमुच काम कर रही है।

इसलिए बहुत जरूरी है कि हम आज स्वयं से यह सवाल पूछें—क्या हम स्वीकार कर सकते हैं कि सरकारी संसाधन बेकार पड़े रहें और बच्चे शिक्षा से वंचित हों? जवाब स्पष्ट है—नहीं। शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब हर स्कूल में न केवल शिक्षक व भवन हों, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण—बच्चे हों। और उन बच्चों के सीखने के लिए आवश्यक गुणवत्ता, वातावरण और प्रेरणा भी हो। अब समय आ गया है कि हम इन खाली स्कूलों से सीख लेकर एक ऐसी योजना बनाएँ जहाँ किसी भी बच्चे का स्कूल तक पहुँचना और सीखना संघर्ष का विषय नहीं, बल्कि सहज और स्वाभाविक अधिकार हो। देश का भविष्य आज भी सरकारी विद्यालयों में बनता है। उन्हें मजबूत किए बिना समानता और विकास की बात अधूरी रहेगी।

## अध्यात्म

### जब सीखना बंद कर देते हैं, तब से ही तरक्की रुक जाती है



पुराने समय में दो दोस्तों ने गांव से बाहर जाकर व्यापार करने की योजना बनाई। दोस्तों ने तय किया कि दोनों अलग-अलग दिशाओं में जाएंगे तो व्यापार करेंगे। कुछ महीनों के बाद दोनों को वापस अपने गांव लौटेंगे और एक-दूसरे का अनुभव बताएंगे। योजना के अनुसार दोनों दोस्त अलग-अलग दिशाओं में निकल गए। शुरुआती दिनों से ही दोनों दोस्तों का व्यापार अच्छा चलने लगा। एक दोस्त अपनी सफलता की वजह अहंकारी हो गया। उसे लगने लगा कि अब वह जल्दी ही बहुत पैसा कमा लेगा। व्यापार बढ़ रहा था तो वह बेफिक्र हो गया, लापरवाही होने लगी। जब व्यापार में मंदी का दौर आया तो उसे बहुत नुकसान हो गया। इतना नुकसान हुआ कि उसकी लगभग पूरी पूंजी ही खत्म हो गई।बर्बाद हुए व्यक्ति ने सोचा कि मुझे मेरे मित्र के पास जाना चाहिए, मंदी के दौर में वह क्या कर रहा है, ये जानने के लिए वह अपने दोस्त के पास पहुंच गया। उसने देखा कि मंदी के समय में भी उसका मित्र लाभ कमा रहा है। ये उसे समझ नहीं आया। उसने अपने दोस्त से इसकी वजह पूछी। लाभ में चल रहे मित्र ने कहा कि मैं लगातार मेहनत कर रहा हूं। मैंने व्यापार में नई-नई चीजें सीखना जारी रखा। सोच-समझकर योजनाएं बना रहा हूं। मैंने इस दौरान छोटी सी लापरवाही नहीं की है। असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ता हूं और दोबारा वैसी कोई गलती नहीं करता, जिससे हानि होने की संभावना बनती है। इसी वजह से मंदी के दौर में भी मैं अपना व्यापार अच्छी तरह चला पा रहा हूं। पहले दोस्त को समझ आ गया कि उसने व्यापार में सीखना बंद कर दिया था। अहंकार की वजह से वह लापरवाह हो गया और गलतियों से सीख नहीं ली। इसी वजह से व्यापार में हानि हो गई। उसने मित्र से प्रेरणा लेकर दोबारा नए सिरे व्यापार शुरू किया और कड़ी मेहनत से उसका व्यापार फिर से चल पड़ा। हम जिस पल सीखना बंद कर देते हैं, उसी पल से हमारी तरक्की रुक जाती है। इसीलिए सीखना कभी भी बंद न करें।

# पर्यावरण को बचाने में हमसफर साबित हो सकता है एआई

**धरती आज जिस मोड़ पर खड़ी है, वहाँ विकास और विनाश की रेखा बेहद पतली हो चुकी है। एक ओर इंसान ने विज्ञान और तकनीक की मदद से इस समाज को अभूतपूर्व ऊँचाई दी है, तो दूसरी ओर यही प्रगति पर्यावरण पर भारी भी पड़ रही है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों का पिघलना और जैव विविधता का संकट हमारी ही जीवन शैली की देन है। ऐसे दौर में, जब परंपरागत उपाय पर्याप्त नहीं रह गए हैं, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक नए साथी के रूप में सामने आया है। सवाल यह है कि क्या यह तकनीक केवल मशीनों को और स्मार्ट बनाएगी या हमारी धरती को भी बचाने में मददगार सिद्ध होगी ?धरती का वातावरण लगातार बदल रहा है।**

**डॉ. मनीष जैसल**

कहीं बाढ़ है, कहीं सूखा, कहीं जंगल जल रहे हैं तो कहीं हवा इतनी दूषित हो चुकी है कि सांस लेना कठिन हो गया है। यह संकट अब केवल किताबों या सम्मेलनों की चर्चा नहीं रहा, बल्कि हमारे चारों ओर घटित हो रही वास्तविकता है। इस वर्ष पंजाब और बिहार की बाढ़ ने इसका सबसे कठोर उदाहरण पेश किया। पंजाब में 2025 की बरसात को 'तीस वर्षों की सबसे भयंकर बाढ़' कहा गया, जिसने हज़ारों गाँवों को डुबो दिया, खेत बर्बाद कर दिए और लाखों लोग विस्थापन का शिकार हुए हैं। वहीं बिहार में गंगा और उसकी सहायक नदियों के उफान ने सैकड़ों गाँवों को जलमग्न कर दिया है। इन आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि जलवायु परिवर्तन अब किसी दूर के ख़तरे का नाम नहीं बचा, बल्कि हमारे दरवाज़े पर दस्तक दे चुका है। ऐसे समय में जब पारंपरिक उपाय अपर्याप्त साबित हो रहे हैं, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिर्फ़ तकनीकी विकास के प्रतीक के बजाय एक संभावित सहारा बन सकता है। सवाल यह है कि क्या हम इस तकनीक को केवल मशीनों को और स्मार्ट बनाने तक सीमित रखेंगे, या इसे अपने पर्यावरण और जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में भी उपयोग करेंगे? भारत में पर्यावरणीय संकट केवल बाढ़, सूखा या प्रदूषण तक ही सीमित नहीं है। हमारे शहरों की नालियों और सीवर लाइनों की सफाई करने वाले हज़ारों सफाई कर्मचारी हर साल मौत के मुंह में चले जाते हैं। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की रिपोर्टों में दर्ज है कि अब भी मैनुअल स्कैवेंजिंग पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है और सीवर में उतरना कई बार उनकी आखिरी ड्यूटी साबित होती है। जहरीली गैसों का दबाव, ऑक्सीजन की कमी और असुरक्षित कार्य-स्थितियाँ इन मौतों की मुख्य वजह हैं। यह हमारी सामाजिक और पर्यावरणीय व्यवस्था की सबसे गहरी त्रासदियों में से एक है। यहीं पर आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक बड़ा सहायक साबित हो सकता है। रोबोटिक सीवर क्लीनिंग मशीनें, जो एआई-सक्षम सेंसर और कैमरों से लैस होती हैं, बिना इंसान को जोखिम में डाले सीवर की गहराई तक जाकर कचरा और गाद साफ़ कर सकती हैं। भारत में बैंडिकूट रोबोट जैसे उपकरण पहले ही कई शहरों में इस्तेमाल किए जा रहे हैं, जिन्हें एआई एल्गोरिद्म से और भी बेहतर और सुरक्षित बनाया जा सकता है। ये मशीनें रियल-टाइम डेटा भेजकर यह बता सकती हैं कि नाली या सीवर में कितनी गैस भरी है, कहाँ जाम है और सफाई के लिए किस स्तर की तकनीकी ज़रूरत होगी। एआई की सबसे बड़ी ताक़त डेटा को पढ़ना और उससे पैटर्न निकालना है। उपग्रह से ली गई तस्वीरों से लेकर मौसम और स्वास्थ्य से जुड़े आँकड़े, सबको जोड़कर यह हमें बताता है कि भविष्य में क्या संकट खड़े हो सकते हैं और उनसे कैसे निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कई अहम प्रयोग शुरू हो चुके हैं। तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में जलाशयों और तालाबों की सुरक्षा के लिए एआई-आधारित ऐप की योजना बनाई है, जिससे जल संकट वाले क्षेत्रों की समय रहते पहचान की जा सकेगी और आवश्यक कदम उठाए जा सकेंगे। इसरो और राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र भी अब वन आवरण की निगरानी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सहारा ले रहे हैं। पहले जहाँ जंगलों की कटाई का अनुमान सालों बाद मिल पाता था, वहीं अब हर महीने ताज़ा आंकड़े उपलब्ध हो रहे हैं। इसके साथ ही ग्रीनवायरनमेंट एआई कुछ निजी संस्थाएँ रियल टाइम सेंसर और डिजिटल मॉडलिंग के ज़रिए पानी और ऊर्जा की खपत कम करने के अभिनव उपाय खोज रही हैं।

कृषि के क्षेत्र में भी एआई नई संभावनाएँ खोल रहा है। 'लीला' जैसे टूल्स सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से भूमि की गुणवत्ता और कार्बन अवशोषण की क्षमता का आकलन कर रहे हैं। 'वरह' जैसे प्रोजेक्ट छोटे किसानों को कार्बन क्रेडिट्स से जोड़ रहे हैं, जिससे वे न केवल टिकाऊ खेती कर सकें बल्कि अतिरिक्त आय भी कमा सकें। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 'एपी क्लिम' जैसे प्रयास मौसम और बीमारियों के बीच के संबंधों का अध्ययन कर रहे हैं, ताकि डेंगू या मलेरिया जैसी बीमारियों के संभावित फैलाव का अनुमान पहले ही लगाया जा सके। दुनिया के अन्य हिस्सों में भी यह प्रयोग तेजी से बढ़ रहे हैं। अमेरिका में गूगल की मूल कंपनी अल्फ़ाबेट का प्रोजेक्ट 'बेलवेदर' जंगल की आग और बाढ़ जैसी आपदाओं का पूर्वानुमान लगाने की कोशिश कर रहा है। पर्यावरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता नामक कार्यक्रम समुद्री जीवन और महासागरों के स्वास्थ्य पर निगरानी रख रहा है। इन वैश्विक अनुभवों से भारत भी बहुत कुछ सीख सकता है।लेकिन यह तस्वीर पूरी तरह उजली नहीं है। एआई जितनी ऊर्जा और पानी खपत करता है, उतना ही बड़ा प्रश्न उठता है कि क्या हम एक संकट को टालने के लिए दूसरा संकट पैदा कर रहे हैं। डेटा की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी महत्वपूर्ण है। अगर इन मॉडलों को अधूरे या पक्षपाती आँकड़े मिलते हैं तो नतीजे ग़लत हो सकते हैं।इसके बावजूद यह साफ है कि पर्यावरण और एआई की साझेदारी भविष्य की ज़रूरत है। भारत जैसे विविध भूगोल और जटिल पारिस्थितिकी वाले देश के लिए यह अवसर और भी बड़ा है। यहाँ हिमालयी ग्लेशियरों से लेकर रेगिस्तानी इलाकों और तटीय शहरों तक हर जगह अलग-अलग संकट हैं। अगर सही नियामक ढाँचा बने, नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान दिया जाए और तकनीक को लोगों की भागीदारी से जोड़ा जाए, तो यह साझेदारी विकास और प्रकृति के बीच संतुलन ला सकती है। सवाल यह नहीं है कि एआई हमें पर्यावरण बचाने में मदद करेगा या नहीं। सवाल यह है कि हम इसे किस दृष्टिकोण से इस्तेमाल करेंगे। यदि इसे केवल मुनाफ़े का साधन बना दिया गया तो यह बोझ बढ़ा देगा। लेकिन यदि इसे पर्यावरणीय न्याय और सतत विकास की दिशा में लगाया गया, तो यह धरती के लिए नई सांस, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य बन सकता है। रती आज जिस मोड़ पर खड़ी है, वहाँ विकास और विनाश की रेखा बेहद पतली हो चुकी है। एक ओर इंसान ने विज्ञान और तकनीक की मदद से इस समाज को अभूतपूर्व ऊँचाई दी है, तो दूसरी ओर यही प्रगति पर्यावरण पर भारी भी पड़ रही है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों का पिघलना और जैव विविधता का संकट हमारी ही जीवन शैली की देन हैं। ऐसे दौर में, जब परंपरागत उपाय पर्याप्त नहीं रह गए हैं, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक नए साथी के रूप में सामने आया है। सवाल यह है कि क्या यह तकनीक केवल मशीनों को और स्मार्ट बनाएगी या हमारी धरती को भी बचाने में मददगार सिद्ध होगी? धरती का वातावरण लगातार बदल रहा है। कहीं बाढ़ है, कहीं सूखा, कहीं जंगल जल रहे हैं तो कहीं हवा इतनी दूषित हो चुकी है कि सांस लेना कठिन हो गया है। यह संकट अब केवल किताबों या सम्मेलनों की चर्चा नहीं रहा, बल्कि हमारे चारों ओर घटित हो रही वास्तविकता है। इस वर्ष पंजाब और बिहार की बाढ़ ने इसका सबसे कठोर उदाहरण पेश किया। पंजाब में 2025 की बरसात को 'तीस वर्षों की सबसे भयंकर बाढ़' कहा गया, जिसने हज़ारों गाँवों को डुबो दिया, खेत बर्बाद कर दिए और लाखों लोग विस्थापन का शिकार हुए हैं। वहीं बिहार में गंगा और उसकी सहायक नदियों के उफान ने सैकड़ों गाँवों को जलमग्न कर दिया है। इन आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि जलवायु परिवर्तन अब किसी दूर के ख़तरे का नाम नहीं बचा, बल्कि हमारे दरवाज़े पर दस्तक दे चुका है। ऐसे समय में जब पारंपरिक उपाय अपर्याप्त साबित हो रहे हैं, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिर्फ़ तकनीकी विकास के प्रतीक के बजाय एक संभावित सहारा बन सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**वृषभ**
आप अपने वाणी की सौम्यता से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे।

**मिथुन**
कारोबार में आप कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें। आपको अपने कामों में स्पष्टता बनाए रखनी होगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**कर्क**
आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ने से खुशी होगी और कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन आनंदमय रहेगा।

**सिंह**
आप मेहनत से काम करके एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके शुभचिंतक हो सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके कार्यों में सफलता लेकर आएगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता करना होगा।

**तुला**
आपको डूबा हुआ धन मिलने से आज आपको खुशी होगी। आपकी कोई मन की इच्छा की पूर्ति होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृश्चिक**
आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। किसी की सलाह पर ना चले और आपका कोई सहयोगी आपकी मदद के लिए आगे आएगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में भी कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपका पद भी ऊंचा होगा और आपको इंक्रीमेंट भी मिल सकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा। आप किसी गरीब की मदद के लिए आगे आएंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चो पर लगाम लगाने के लिए रहेगा और आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ने से आपको काम को लेकर कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा।

# लखना हाई स्कूल में चिराग के पहुंचते ही बेकाबू हुई भीड़

## एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी श्याम रजक के समर्थन में चिराग पासवान और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की जनसभा




**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के लखना हाई स्कूल पुनपुन में चुनावी सभा के दौरान उस समय अफरातफरी मच गई जब लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान हेलीकॉप्टर से उतरे ही थे कि भीड़ बेकाबू हो गई. उत्साहित समर्थकों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और मंच तक पहुंचने की कोशिश करने लगे. कई कुर्सियां टूटीं और लोग चिराग पासवान के साथ सेल्फी लेने के लिए धक्का-मुक्की करते नजर आए. सभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान, श्याम रजक को छोटे भाई की तरह मानते थे. उन्होंने कहा कि पिता के निधन के बाद जब कई अपनों ने साथ छोड़ दिया था, तब श्याम रजक परिवार के साथ मजबूती से खड़े रहे. इसलिए अब हमारा दायित्व है कि उन्हें भारी मतों से विधानसभा भेजें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को और मजबूत करें. चिराग ने कहा कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट उनका संकल्प है. केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है. सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के लिए योजनाएं धरातल पर दिख रही हैं. उन्होंने कहा कि वह बेटा बनकर अपने श्याम रजक चाचा को चुनाव जीताने आए हैं. सभा में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है और बिहार में नीतीश कुमार इसी रफ्तार को आगे बढ़ा रहे हैं. उन्होंने लोगों से तीर छाप पर बटन दबाकर एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने की अपील की. प्रत्याशी श्याम रजक ने कहा कि जब वह पहले विधायक और मंत्री थे तो फुलवारी शरीफ में विकास कार्यों की बाढ़ थी. उनके हटने के बाद विकास रुक गया. इस बार जनता ने फिर भरोसा जताया है. वह जीतकर लौटेंगे और फुलवारी की सेवा पहले से ज्यादा करेंगे. कार्यक्रम में जदयू नेता सत्येंद्र पासवान, शहनवाज हुसैन, पूर्व मुखिया सकरैचा संतोष कुमार सिंह सहित जेडीयू, बीजेपी, लोजपा (रामविलास) और हम सेक्युलर के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय नेता मौजूद रहे.

**बेटा बनकर श्याम राजक चाचा को जिताने आए हैं : चिराग पासवान**

## संक्षिप्त समाचार

### मौलाना सज्जाद मेमोरियल अस्पताल में निःशुल्क अस्थि जांच शिविर, 200 से अधिक मरीज लाभान्वित

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मौलाना सज्जाद मेमोरियल अस्पताल इमारत ए शरिया द्वारा संचालित है और रविवार 2 नवंबर 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क हड्डी जांच शिविर आयोजित किया गया. शिविर में बिहार, ओडिशा, झारखंड व पश्चिम बंगाल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत कुमार, डॉ. खालिक-उल-जमां, डॉ. जमशेद खान और डॉ. शमसुल हुदा मौजूद थे. शिविर में रक्तचाप, वजन, इटऊ और डिस्टल न्यूरोपैथी की निःशुल्क जाँच की गई और कैल्शियम व विटामिन डी की दवाइयाँ वितरित की गईं. कुल 200 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया. अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सैयद निसार अहमद ने कहा, ह्लमौलाना सज्जाद मेमोरियल अस्पताल पिछले कई वर्षों से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को कम खर्च में इलाज मुहैया करा रहा है. समय-समय पर ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर हम लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने की कोशिश करते हैं.



### मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए 80 पिंक बूथ व दो आदर्श मतदान केंद्र बनाया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने और महिला, दिव्यांग व सीनियर सिटीजन मतदाताओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं. इसी के तहत विधानसभा क्षेत्र में 80 मतदान केंद्र पिंक , दो आदर्श व एक पीडब्लूडी बनाया गया है. यहां वोटिंग मशीन से लेकर हर चीज पिंक रहेगी. यहां तक कि महिला कर्मचारी की तैनाती भी रहेगी. इससे महिलाओं, दिव्यांग, बुजुर्ग व अन्य मतदाताओं को मतदान के समय किसी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा. मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, छाया, रैंप, शौचालय जैसी सुविधाओं के अलावा दिव्यांग, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं को विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. उनके बैठने के लिए कुर्सियां भी उपलब्ध रहेंगी. इससे मतदान के लिए कतार में भी नहीं लगना पड़ेगा. अवर निर्वाचन पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बताया छावनी परिषद कार्यालय परिसर में दो मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र , 80 पिंक बूथ व प्राथमिक विद्यालय चुल्हाईचक में पीडब्लूडी मतदान केंद्र बनाया गया है.

### भाकपा (माले) नेता मोहम्मद सफीक ने दिया इस्तीफा समर्थकों संग श्याम रजक के समर्थन का ऐलान

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण अचानक बदलते नजर आए जब भाकपा (माले) के स्थानीय नेता मोहम्मद सफीक ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा देने का एलान कर दिया. ईसापुर अपार्टमेंट परिसर में समर्थकों के साथ प्रेस वार्ता करते हुए सफीक ने कहा कि विधायक गोपाल रविदास ने अल्पसंख्यक समुदाय और गरीब तबके के लिए कोई ठोस काम नहीं किया, जिससे आम कार्यकर्ताओं में भारी निराशा है. सफीक ने कहा कि ह्लहम जिस अपार्टमेंट में रहते हैं, वह भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार की योजनाओं से बना है. जबकि हमारे अपने विधायक ने सिर्फ.वादे किए, कोई काम नहीं किया. अब हम लोग पुराने नेता और जदयू प्रत्याशी श्याम रजक को ही समर्थन देंगे. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर श्याम रजक के पक्ष में प्रचार करेंगे और इस चुनाव में जदयू प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगे. सफीक के साथ मौजूद दर्जनों कार्यकताओं ने भी भाकपा (माले) से नाता तोड़ने की घोषणा की और श्याम रजक के समर्थन में नारे लगाए.



### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में राजद का प्रचार गाड़ी जब्त

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को मनेर के शेरपुर के समीप सूचना पर दानापुर एसडीओ दिव्य शक्ति व पुलिस ने राजद की प्रचार गाड़ी पर दो से अधिक बाजा लगाकर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने के मामले में पिकअप वैन को जब्त किया है। पिकअप वैन को जब्त कर पुलिस थाने ले आई है और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिक की दर्ज कर आगे कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि राजद की प्रचार गाड़ी में दो से अधिक बाजा लगाकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। इस मामले में प्रचार गाड़ी को चार लाउडस्पीकर, एक डीजे साउंड, एक जनरेटर के साथ जब्त की गई है। उक्त मामले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है।



### पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्ष में हुई मारपीट के दौरान चार लोग हुए घायल।

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भवानी टोला गांव में पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस मारपीट के दौरान महिला सहित चार लोग घायल हो गए है। जिन्हें इलाज के लिए मनेर का अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। घायलो की पहचान बादामों देवी अनीता देवी, प्रियांशु कुमार व अजीत कुमार के रूप में की गई।

# भाकपा माले प्रत्याशी गोपाल रविदास के समर्थन में दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद डॉक्टर मीसा भारती और इमरान प्रतापगढ़ी ने कीं जनसभाएं





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारीशरीफ विधानसभा क्षेत्र के गोनपुरा में रविवार को भाकपा (माले) महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने चुनावी सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि 6 नवंबर को 'तीन तारा' चुनाव चिन्ह पर बटन दबाकर गोपाल रविदास को भारी मतों से विजयी बनाना है और तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना है.माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार का चुनाव सिर्फ विधायक चुनने का चुनाव नहीं, बल्कि बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के सवाल पर सरकार बदलने का चुनाव है. उन्होंने कहा कि भाजपाझ्रजदयू की सरकार ने पिछले 19 सालों में गरीबों और नौजवानों को सिर्फ इंतजार कराया है. हर घर नौकरी का वादा खोखला निकला, स्कूलझ्रकॉलेजों की स्थिति जस की तस रही, किसान आज भी न्यूनतम समर्थन मूल्य की लड़ाई लड़ रहे हैं. दीपंकर ने कहा, आज बिहार का नौजवान सड़क पर है. कहीं पेपर लीक, कहीं परीक्षा रद्द, कहीं बहाली रोक दी जाती है. यह सरकार नौकरी नहीं, सिर्फ जुमला वितरण करती है. इसलिए इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, वोट इज्जत और हक वापस लाने का है.

उन्होंने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करते हुए कहा-ू गरीब का बेटा पढ़ेगा, किसान का बेटा नौकरी पाएगा, दलित-पिछड़ा-अल्पसंख्यक सम्मान से जिएगा- यही बिहार का सपना है. 6 नवंबर को तीन तारा पर बटन दबाइए, गोपाल रविदास को विधानसभा भेजिए, और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाइए. सभा में पहुंचने पर स्थानीय जनता ने दीपंकर भट्टाचार्य और महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी गोपाल रविदास का माल्यार्पण कर स्वागत किया. मंच संचालन प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने किया.

# तेजस्वी ने सरकार बनते ही बाढ़ को जिला बनाने का दिया भरोसा



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि जैसे ही उनकी सरकार बनेगी ,बाढ़ को जिला बनाया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ नया बिहार बनाने को लेकर उन्होंने कई लोक कल्याणकारी घोषणा की। तेजस्वी यादव बाढ़ के राधाकृष्ण मंदिर मैदान में इंडिया गठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाढ़ में पहले से ही लोगों की लगातार निस्वार्थ सेवा कर रहे लल्लू मुखिया को इस बार विधायक के लिए उम्मीदवार बनाया गया है ।इनकी जीत होगी तो उनके मुख्यमंत्री बनने का भी रास्ता मजबूत होगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद जिन परिवारों में सरकारी नौकरी नहीं है ऐसे परिवारों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं दूसरी तरफ पढ़ाई, दवाई और सिंचाई जैसी आधारभूत महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को भी मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह नया सशक्त और विकसित बिहार बनाने के अभियान पर निकले हैं और जनता का आशीर्वाद मांग रहे हैं ।इस बार मजबूत तेजस्वी सरकार बनाने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें ।मौके पर उम्मीदवार लल्लू मुखिया, सुनील पासवान ,विजय सिंह, कनक कुमारी, उपेंद्र पासवान, रणवीर यादव, राजीव कुमार चुन्ना आदि मौजूद रहे ।इस अवसर पर जदयू नेता सुनील कुमार अंबेडकर सहित पांच लोगों ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की जिसे तेजस्वी यादव ने माला पहनकर स्वागत किया।

**लल्लू मुखिया को जिताने की अपील**

## एसडीओ द्वारा नप के ट्रैक्टर चालक को जेल भेजने पर सफाई कर्मियों ने किया कार्य ठप

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसडीओ द्वारा नगर परिषद के सफाई कर रहे ट्रैक्टर चालक को पड़ककर न्यायिक हिरासत में भेजने का मामला तूल पकड़ा लिया. रविवार को परिषद के सफाई कर्मियों ने अपना काम ठप करते हुए नप कार्यालय के मुख्य गेट पर जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया. प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मियों ने अपने साथी ट्रैक्टर चालक को तत्काल रिहाई करने की मांग की है. अगर रिहाई नही हुआ तो सोमवार से परिषद के 40 वार्ड का सफाई कार्य ठप करने का घोषणा किया है. प्रदर्शन में शामिल सफाई कर्मियों ने बताया कि परिषद का ट्रैक्टर चालक अरूण कुमार नगर परिषद कार्यालय के सामने कूड़ा उठाव का कार्य कर रहा था. परिषद कार्यालय के पास ऑटो व ई-रिक्शा जाम लगाए हुए थे. इसी दौरान एसडीओ दिव्या शक्ति अपनी वाहन से गुजर रही थी और जाम में फंस गई. उन्होंने ट्रैक्टर चालक पर जाम करने आरोप लगते हुए उसे हिरासत में लेकर स्थानीय थाना को दे दिया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. चालक की गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद परिषद के ईओ व नगर प्रबंधक एसडीओ से चालक की छोड़ने के लिए आग्रह किया, परंतु एसडीओ ने उनकी एक भी बात नहीं सुनी. प्रदर्शनकारियों ने बताया कि इस बात से वह सभी काफी नाराज है.उन्होंने एसडीओ से मांग कि है कि ट्रैक्टर चालक को तत्काल रिहा किया जाए अन्यथा वे सोमवार से पूरे नगर परिषद क्षेत्र में साफः सफाई कार्य को ठप कर देंगे.

# प्रो.आर.पी. शर्मा की पुण्य-तिथि मनी



**पटना//नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 2 नवम्बर 2025 को आरपीएस समूह की शैक्षणिक संस्थानों के संस्थापक एवं धार्मिक ग्रन्थ 'कालजयी हनुमान' के रचयिता स्व. प्रो. आर.पी. शर्मा की 25वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु आरपीएस रेसिडेन्सियल स्कूल, बेली रोड, पटना, के प्रागंण में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया । समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक कुमार सौरिश ने प्रांगण में स्थित प्रो. आर.पी. शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजली अर्पित कर की। इस स्मृति दिवस पर निदेशक कुमार तनय, आरपीएस समुह के अन्य शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य /प्राचार्या, शिक्षाविद्, राजनेता, बुद्धिजिवी, सामाजिक कार्यकर्ता, शहर के गणमाण्य व्यक्ति एवं आरपीएस परिवार के सभी सदस्य उपस्थित हुए एवं स्व. प्रो. आरपी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने प्रो. आर.पी. शर्मा के दिव्य व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें एक महान शिक्षाविद्, लेखक और राजनीतिज्ञ के रूप में याद किया।

**Name Change**

I, DHARAMVIR KUMAR holder of Indian Passport No:N0417903 issued at ABU DHABI on 12/01/2016 and Permanent Resident of SUPAINA HARIBELA BATHNAHA SITAMARHI BIHAR 843317 and presently residing at AL GHARBIA PIPE COMPANY NO 351 AL INTIFA ST A8 ABU DHABI UAE do hereby change my name from DHARAMVIR KUMAR to DHARMVIR (Given name) KUMAR (Surname) with immediate effect

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 107-Darauli | Ganesh Ram | CJM, Siwan, PS Case no 68/2024, Siwan & Pending | 323,341,379/34 IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 100-Barauli | Faiz Ahmad | A.D.J, Gopalganj, Case no.286/17 & Pending | Section 307/34 IPC | NA | NA | NA |

# दानापुर विस सीट पर भाजपा व राजद के बीच होगी कांटे की टक्कर, किसके सिर पर सजेगा जीत का ताज

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर विधानसभा क्षेत्र न केवल अपनी सैन्य छावनी और समृद्ध इतिहास के लिए जाना जाता है, बल्कि यह सीट हमेशा से भाजपा और राजद के बीच कांटे के मुकाबले का केंद्र रही है.एक बार फिर चुनावी रणभूमि का हॉटस्पॉट बना हुआ है.चुनाव में अब बहुत ही कम वक्त बचा है.दानापुर से इस बार मैदान में कांटे की टक्कर देखने को मिल रहा है. यहां भाजपा से राम कृपाल यादव और राजद से रीतलाल यादव के बीच कांटे की टक्कर दिखाई दे रही है. अब देखना ये होगा कि वोटिंग के बाद जनता किसके सिर पर जीत का सेहरा बांधती है.

**दानापुर सीट का चुनावी इतिहास**

1957 में स्थापित दानापुर विधानसभा सीट का चुनावी इतिहास बेहद कड़ा और कांटे का रहा है. इस सीट पर कांग्रेस, भाजपा और राजद ने लगभग बराबरी से जीत दर्ज की है. कांग्रेस और भाजपा ने पांच-पांच बार जीत हासिल की है, जबकि राजद ने विभिन्न स्वरूपों में पांच बार कब्जा जमाया है. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव खुद 1995 और 2000 में यहां से चुनाव लड़े और जीते. जिसने इस सीट को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई.

**2020 में बड़ा उलटफेर**

2005 से 2015 तक भाजपा की आशा सिन्हा ने लगातार तीन बार जीत दर्ज करके अपनी मजबूत पकड़ बनाई थी, लेकिन 2020 के चुनाव में राजद के रीतलाल यादव ने उन्हें बड़े अंतर से हराकर भाजपा के विजय रथ को रोक दिया.

**दानापुर का जातीय समीकरण**

दानापुर की राजनीति पूरी तरह से जातीय गोलबंदी पर निर्भर करती है. यहां यादव मतदाता क्षेत्र की राजनीति में सबसे निर्णायक भूमिका निभाते हैं. यही वजह है कि लालू प्रसाद यादव और वर्तमान विधायक रीतलाल यादव जैसे दिग्गज यहां से चुनाव लड़ते रहे हैं. राजनीति के माने तो राजद यादव- मुस्लिम व महादलित मतदाताओं के भरोसे जीत का दावे कर रही है. वही भाजपा वैश्य , कुर्मी-कोइरी, सवर्ण व शहरी मतदाताओं के भरोसे जीत का दावे कर रही है. दोनों पार्टियों के नेताओं अपने-अपने मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हुए है.

**2025 विधानसभा चुनाव में कांटे की टक्कर**

2025 के चुनाव में एक बार फिर भाजपा और राजद के बीच सीधी टक्कर है. राजद जहां यादव-मुस्लिम समीकरण और वर्तमान विधायक की लोकप्रियता पर भरोसा करेगी, वहीं भाजपा सवर्ण और शहरी वोट बैंक के सहारे वापसी की कोशिश में है. इस चुनाव में विकास का मुद्दे गौण है और जाति समीकरण पर मतदाताओं को रूझाने में नेताओं जुटे हुए है.

**विकास के नाम पर बुनियादी मुद्दे हावी**

शहरी चमक-दमक, ग्रामीण इलाके और दियारा क्षेत्र (नदी के बीच स्थित) के मिश्रण वाला यह इकलौता क्षेत्र विकास के विरोधाभासों से भरा हैः

**बड़ी परियोजनाएंः मेट्रो और एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, जो विकास का संकेत देती हैं.**

अनसुलझे मुद्देः लेकिन दानापुर के लोगों की बुनियादी जरूरतें अब भी पूरी नहीं हुई हैं. शहरी व ग्रामीण में जल निकासी की गंभीर समस्या, आज तक गंगा घाटों का पक्कीकरण नही, हर साल बाढ़ से दियारा के छह पंचायतों का खतरा, गंगा नदी को रिंग बांध व बोल्डर पीचिंग नही किये जाने से कटाव, दियारा के तीन पंचायतों को सारण पुलिस में कर दिया गया है. दियारा में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी आज भी यहां के गंभीर मुद्दे बने हुए हैं, जिन पर चुनावी जीत का दारोमदार टिका है.

**सैन्य और सांस्कृतिक विरासत**

दानापुर की पहचान उसकी सैन्य विरासत है। देश की दूसरी सबसे पुरानी छावनीः इसकी स्थापना ब्रिटिश शासन काल में 1765 में हुई थी. 25 जुलाई 1857 को यहीं के सिपाहियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था. आज यहां बिहार रेजिमेंट सेंटर स्थित है. यह क्षेत्र साल में एक बार प्रवासी पक्षियों जांघिल (ओपन बिल स्टॉर्क) के लिए एक प्राकृतिक अभयारण्य भी बन जाता है. 2025 का चुनाव दानापुर के मतदाताओं के लिए यह तय करने का अवसर होगा कि वे राजद के दबदबे को कायम रखते हैं या भाजपा को वापसी का मौका देते हैं.लेकिन दिलचस्प बात ये है कि मौजूदा विधायक और आरजेडी से प्रत्याशी रीतलाल यादव रंगदारी के मामले में जेल में बंद हैं.

# 2010 से भी अधिक सीटों पर विजयी होगा इस बार एनडीए : मौर्य

## जंगलराज नहीं, कायम है विकास और कानून का राज

**बेतिया/नरकटियागंज/नौतन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बेतिया, नरकटियागंज और नौतन में आयोजित चुनावी सभाओं में महागठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि बिहार में एनडीए सरकार फिर से बनेगी और इस बार एनडीए को 2010 के चुनाव से भी अधिक सीटें मिलेंगी। मौर्य ने कहा कि महागठबंधन के नेता केवल अपने परिवार के बारे में सोचते हैं और झूठ बोल रहे हैं। तेजस्वी यादव को यह बताना चाहिए कि वह 12 लाख करोड़ रुपये कहां से लाएंगे ताकि हर परिवार को नौकरी दी जा सके।उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं लागू की हैं और बिहार में बिजली, सड़कों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। मौर्य ने यह भी आरोप लगाया कि महागठबंधन अगर सत्ता में आया तो बिहार फिर से जंगलराज में डूब जाएगा।वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में एनडीए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और कानून व्यवस्था में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित किया गया है। सभा में भाजपा और जदयू के अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया और एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। बेतिया में सभा को केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, सांसद डा. संजय जायसवाल आदि ने संबोधित किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान, उत्तर प्रदेश के मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु, पूर्व सांसद सुनीता द्विवेदी समेत कई लोग मौजूद रहे। नौतन में सभा का संचालन सुनील कुमार ने किया।नरकटियागंज में सभा को सांसद संजय जायसवाल, सांसद सुनील कुमार, एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी संजय पांडे, जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, अर्जुन सोनी, समेत एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित थे।सभा को केंद्रीय मंत्री तोमर, सांसद सतीश चंद्र दूबे, सांसद कमलेश पासवान, मनोज कुशवाहा, विधायक वृजेश कुशवाहा, भाजपा नेता दीपक मिश्रा, शैलेंद्र कुशवाहा, सुमीत सिंह, मंडल अध्यक्ष देवी दयाल प्रसाद, छोटे लाल कुशवाहा, अवधकिशोर सिंह, सुरेश चौधरी, जदयू अध्यक्ष अरुण कुशवाहा, पप्पू सिंह और चंद्रमाम सिंह समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।



## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 4 नवंबर को मैनाटांड स्टेडियम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। इधर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था में गड़बड़ नहीं हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सख्त है। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए है। चप्पा चप्पा पर पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। इधर एनडीए की कार्यकर्ता भी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अभी से ही तैयारी में जुट गए है।

### जदयू कार्यसमिति सदस्यों की बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दल युनाइटेड के जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को शहर के एक उत्सव भवन में संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने की। संचालन विजय राउत ने किया। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की गतिविधियों एवं एनडीए की जीत के लिए विचार विमर्श किया गया। हालांकि बैठक के दौरान मौजूद कार्यकारिणी सदस्यों ने मांग के बावजुद सिट शेयरिंग में जदयू को मात्र दो सिट दिये जाने पर रोष जताया। सदस्यों शीर्ष नेतृत्व के निर्णय का स्वागत करते हुए एनडीए की जीत के लिए हरसंभव प्रयास करने का निर्णय लिया। बैठक को शंभु गुप्ता, अनिल कुमार झा, नंदकिशोर चौधरी, श्रीमान मिश्रा, दीपक सिंह दीपू, नीतीश सिंह, प्रभु कुशवाहा, सुमित सिंह बबलू, शंभु कुशवाहा, राधा कृष्ण कुशवाहा, विद्या सिंह पटेल आदि ने भी संबोधित किया।

### चोरी की बाइक के साथ नेपाली नागरिक घराया

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की गई बाइक के साथ नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति नेपाल के भवानीपूर के सिकंदर महतो थारू बताया जाता है। इधर पुलिस को देख उक्त व्यक्ति बाइक लेकर भागने चाहा लेकिन पुलिस खदेड कर पकड़ ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### रणधीर सिंह के समर्थन में दिखाई एकजुटता

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के दुमदुमा विवाह भवन में बुधवार को आयोजित बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी रणधीर सिंह के पक्ष में एकजुट होकर मतदान करने का निर्णय लिया। बैठक को संबोधित करते हुए रणधीर सिंह ने कहा कि वे समुदाय विशेष के लोगों के साथ आजीवन मित्रता निभाएंगे और सबका सम्मान करेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड जदयू अध्यक्ष अख्तर अली ने की। कार्यक्रम में जिला प्रभारी रणविजय सिंह, डॉ. मुन्ना, अनु खान, हसनुद्दीन खान, रहीम खान, मुस्तफा खान, अख्तर खान, किताबुद्दीन, मुस्लिम अंसारी, इमरान खान, मो. अली कादरी, जिप सदस्य फूल सिंह और अनिल कुमार सिंह समेत कई वक्ताओं ने संबोधन किया। बैठक में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

### वाहन मालिको को नोटिस जारी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव में वहान के उपलब्धता को लेकर वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। वाहन कोषांग के कर्मी 24 घंटे के अंदर नोटिस का तमिला सुनिश्चित कराए। ताकि समय पर वाहन उपलब्ध हो सके। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई होगी। उक्त बातें प्रखंड बगहा दो बीडीओ विद्दु राम ने कहा। वे गुरुवार को प्रखंड दो के सभागार में वाहन कोषांग कर्मियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर वाहनों की उपलब्धता, अधिग्रहण एवं प्रबंधन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।कर्मियों को निर्देश दिया कि वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन कर समय पर सूची तैयार करें। बस, ट्रक, जीप, ट्रैक्टर, मिनी बस आदि सभी श्रेणी के वाहनों की सूची बनाकर अधिग्रहण हेतु नोटिस तामिला कराई जाए। साथ ही वाहन अधिग्रहण संबंधी प्रपत्र, लॉग बुक, विपत्र, पम्फलेट आदि का मुद्रण कराकर संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सहायक निवार्ची पदाधिकारी स्तर पर मतदान दलों के लिए आवश्यक वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा अधिग्रहित वाहनों को नियत समय पर सेक्टर, गश्ती दल, दंडाधिकारी एवं पोलिंग पार्टी को ईंधन सहित उपलब्ध कराया जाए।इसके साथ ही वाहनों के ठहराव स्थान की व्यवस्था, प्रकाश, माइक, सुरक्षा बल की तैनाती एवं पेट्रोल पंप मालिकों से समन्वय स्थापित कर ईंधन की आरक्षित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिया। बीडीओ ने कहा कि निर्वाचन समाप्ति के बाद वाहनों को मुक्त कर अंतिम भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी रूप से की जाये। साथ ही विधि-व्यवस्था और निर्वाचन कार्य से जुड़े वाहनों के लिए अलग-अलग रंग के लॉग बुक (लाल व पीले) का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी प्रविष्टियाँ पोर्टल पर समय से ऑनलाइन दर्ज की जाएं। इस अवसर पर वाहन कोषांग प्रभारी सह सीओ बगहा दो वसीम अकरम के साथ कोषांग के कर्मी आदि मौजूद थे।

### एसपी ने किया विभिन्न पोस्टो का निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसपी सुशांत कुमार सरोज ने गुरुवार को नगर थाना सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बगहा थाना अंतर्गत चेक पोस्ट, गस्ती गाड़ियाँ, डायल 112 की यूनिट, बगहा थाना परिसर तथा पुलिस नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान जिन पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों ने ड्युटी के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं अनुशासन के पालन को लेकर पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया। इस बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया तो दूसरी ओर ड्युटी में लापरवाही बरतने वाले वालो पर उनके विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की। एसपी ने सभी पदाधिकारियों एवं जवानों को चुनाव के दौरान पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिया। एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है। चेक पोस्टों पर तैनात पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि आने जाने वाले प्रत्येक वाहनों की पूरी संघनता से जांच किया जाए इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### शराब समेत बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड पुलिस ने बिरहा नदी पुल के समीप से 45 लीटर शराब व एक बाइक के साथ बाइक सवार को गिरफ्तार किया है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक चालक बाइक छोड़ भागने में सफल रहा। पकड़ा गया युवक शिकारपुर थाना के दुर्गवलीया गांव ओमप्रकाश शर्मा बताया जाता है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### वारंटी धराए

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने अलग-अलग गांव से दो वारंटीयों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि कोटवा गांव से मजीद मियां एंव पिपरा से छोटेलाल यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय द्वारा वारंटी निर्गत था जिसके आलोक में कार्रवाई की गई है।

# जन सुराज पार्टी से जुड़े डॉ एस कुमार व गौरव किशन

## एकमा विधानसभा के प्रत्याशी देवकुमार सिंह का किया समर्थन



**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। एकमा के सामाजसेवी व चिकित्सक डॉ. एस. कुमार व भाजपा युवा मोर्चा नेता गौरव किशन ने प्रेस वार्ता कर जन सुराज पार्टी प्रत्याशी देवकुमार सिंह का समर्थन किया है। साथ ही दोनों प्रमुख लोगों के जनसुराज का समर्थन करने व पार्टी में शामिल होने से स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में नया बदलाव देखने को मिल रहा है। डॉ. कुमार लंबे समय से क्षेत्र में सेवा कार्यों से जुड़े रहे हैं। समाज के हर वर्ग तक चिकित्सा और सामाजिक सहायता पहुँचाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, उन्होंने सदैव जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर कार्य किया है, जिसके कारण उन्हें जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त है। जन सुराज पार्टी में शामिल होने के बाद डॉ. एस कुमार व गौरव किशन ने कहा कि वह बेहतर राजनीति व जनसरोकार के मुद्दों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से पार्टी के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि जन हित और पारदर्शी राजनीतिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जनसुराज प्रत्याशी देवकुमार सिंह का समर्थन किया है। क्षेत्रीय जनता से देवकुमार सिंह के पक्ष में उन्होंने मतदान की अपील की। जन सुराज पार्टी के प्रदेश महामंत्री व चुनाव पर्यवेक्षक संतोष कुमार सिंह व जन सुराज नेता विकास सिंह ने कहा कि डॉ. एस कुमार व भाजपा युवा नेता गौरव किशन के पार्टी में आने को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सेवा और ईमानदार छवि वाले व्यक्तित्व के जुड़ने से जन सुराज के मिशन को मजबूती मिलेगी। स्थानीय कार्यकताओं ने इसे बदलाव की दिशा में बड़ा कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे एकमा में विकास व सुशासन की पहल को गति मिलेगी।

# वोटिंग कराने पहुचीं टीम, वोटरों ने की होम वोटिंग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव में वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ है। उनका होम वोटिंग कराया गया। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार 31 अक्टूबर एवं एक नवंबर को प्रशासन द्वारा वैसे वोटरों के घर जाकर मतदान कराया गया। प्रशासन द्वारा टीम का गठन कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में मतदान केंद्र तक जाने में अश्मर्थ मतदाताओं को चिन्हित किया गया था। इस दौरान 03 नरकटियागंज विधानसभा अंतर्गत कुल 21 मतदाताओं को चिन्हित किया गया था। जिसमे नरकटियागंज प्रखंड के 9 एवं लौरिया प्रखंड के 12 मतदाता शामिल है। 03 नरकटियागंज विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी के निर्देश पर पूरे मतदान प्रक्रिया की निगरानी अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश नारायण सिंह ने की। एसडब्लूओ ने बताया कि होम वोटिंग को लेकर कुल छह टीम का गठन किया गया था।

# चिरैया से आंध्र प्रदेश मजदूरी करने गए 24 वर्षीय युवक की हत्या, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**परिजनों ने ठिकेदार और गांव के ही एक युवक पर लगाया हत्या का आरोप**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बड़का शीतलपट्टी गांव के एक युवक की आंध्र प्रदेश में हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी महंत महतो के 24 वर्षीय पुत्र कृष्णनंदन महतो के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक आंध्र प्रदेश के श्रीपोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर जिले के चेवरु गांव स्थित इंडो सोलर कंपनी में मजदूरी करता था। वह बीते 24 नवम्बर की शाम से गायब था। परिजनों ने बताया कि 23 नवम्बर को फोन कर उसने अपनी मां रामरती देवी को बताया कि ठिकेदार छठ पर्व पर घर आने के लिए रुपए नहीं दे रहा है और जाने पर मुझे जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। इसलिए तुम मुझे तीन हजार रुपए गाड़ी का किराया भेज दो। इसके बाद उसने अगले सुबह दो बार अलग- अलग मोबाइल नंबर से फोन कर मां को बताया कि कुछ लोगों ने मुझे नशा दे दिया है और मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि मुझे ये लोग कहां ले जा रहे है। इतना कहकर फोन कट जाता है। जब परिजन उसके नंबर पर फोन करते थे तो मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। अंत में गत 28 नवम्बर को मृतक के परिजन चिरैया थाना क्षेत्र के दीपही धरहरवा गांव निवासी ठिकेदार ईश्वर यादव से मिलने उसके घर पर जाते है और कृष्णनंदन से बात कराने के लिए कहते है। जिस पर ठिकेदार कहता है कि वह चार पांच दिनों से फैक्ट्री में मौजूद नहीं है। जिसके बाद अगले दिन ठिकेदार परिजन को फोन पर सूचना देता है कि आंध्र प्रदेश के तिरुपति शहर के समीप रेनिगुंटा स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर कृष्णनंदन की लाश पुलिस को मिली है। हत्या की आशंका को लेकर परिजनों ने चिरैया पुलिस को घटना की जानकारी दी। बताया कि हत्या के बाद आरोपियों ने शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। परिजनों ने हत्या का आरोप ठिकेदार ईश्वर यादव और मृतक के ग्रामीण व लालबाबू महतो के पुत्र अर्जुन कुमार पर लगाया है। मृतक के परिवार में पत्नी एवं माता-पिता के अलावा तीन भाई और दो बहन हैं। मृतक कृष्णनंदन भाई में सबसे बड़ा था। वह अपने घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है। गांव में भी मातमी सन्नाटा छा गया है। पत्नी काजल देवी का रो रो कर बुरा हाल है। उसे बार बार बेहोशी का दौरा पड़ रहा है। उसकी इसी वर्ष अप्रैल महीने में मृतक के साथ शादी हुई थी। घटना के बाद गांव के लोग मृतक के घर पहुंचकर परिवार वाले को सांत्वना दे रहे हैं। खबर प्रेषण तक मृतक का शव गांव नहीं पहुंचा था। रविवार देर रात तक एम्बुलेंस से शव पहुंचने की संभावना बताई गई है।

# रक्सौल में भारी संख्या में नशीले इंजेक्शन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**रक्सौल ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल के हरैया थाना के अंतर्गत पड़ने वाले कस्टम चौक के नजदीक नेपाली स्टेशन के पास से पुलिस ने छापेमारी कर भारी संख्या में नशीले इंजेक्शन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राजकिशोर मिश्रा (उम्र 52 वर्ष) पिता स्वर्गीय उमाकांत मिश्रा, निवासी आर्य समाज रोड, थाना रक्सौल, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के पास से कुल 3600 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए हैं।

**बरामद नशीले इंजेक्शनों के नाम और उनकी संख्या कुछ इस प्रकार हैः-**



1. Diazepam injection 2ml के 24 डिब्बे (प्रत्येक में 50 पीस) — कुल 1200 पीस
2..Fenargan Hydrochloride (Promethazine) injection 2ml के 8 डिब्बे (प्रत्येक में 150 पीस) — कुल 1200 पीस
3.Talgesic injection 2mlके 8 डिब्बे (प्रत्येक में 150 पीस) — कुल 1200 पीस

हरैया पुलिस ने बताया कि अभियुक्त इन नशीले इंजेक्शनों की तस्करी कर अवैध रूप से बिक्री करने की योजना में था। फिलहाल अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। हरैया थाना थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस इस मामले में नशा कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भी तत्परता से तलाश कर रही है। फिलहाल हरैया थाना पुलिस की इस सफलता से इलाके में नशे के अवैध कारोबार पर एक बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

# नरकटियागंज के लिए 20 व सिकटा के लिए 15 टेबल पर ईवीएम कमिशनिग शुरू

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 03 नरकटियागंज और 09 सिकटा विधानसभा के लिये ईवीएम कमिशनिग का कार्य रविवार से प्रारंभ हो चुका है। यहां 11 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है। 03 के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता और 09 के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन ने संयुक्त रूप से बताया कि कृषि बाजार प्रांगण स्थित गोदाम संख्या चार (ए) में नरकटियागंज एवं गोदाम संख्या चार (बी) ने सिकटा विधानसभा के लिए ईवीएम कमिशनिग कार्य प्रारंभ किया गया है। आरओ ने बताया कि ईवीएम कमीशनिंग को लेकर 20 टेबल पर कुल 60 कर्मियो को प्रतिनियुक्त किया गया है। वही सिकटा के लिए 15 टेबल पर 45 कर्मियो को प्रतिनियुक्त किया गया है। आरओ ने बताया कि 15 कर्मियो को रिजर्ब में प्रतिनियुक्त किया गया है। कमिशनिग के कार्यो का निरीक्षण किया गया। यह कार्य चार नवंबर तक चलेगा। इस दौरान मौके पर उपस्थित ईवीएम अभियंताओं को गुणवत्तापूर्ण कमीशनिंग का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया गया। इधर ईवीएम कमीशनिंग के कार्य की मॉनिटरिंग दोनों प्रेक्षक क्रमशः नेहा जैन और महिंद्र पाल ने लिया। आरओ ने बताया कि ईवीएम कमीशनिंग के बाद उन्हें सुरक्षित ब्रज गृह में रखकर गोदाम को शील कर दिया जाएगा। चुनाव से एक दिन पहले पीसीसीपी के साथ सभी ईवीएम को बूथ के लिए रवाना किया जाएगा।



# सामान्य प्रेक्षक ने ली चुनाव से संबंधित जानकारी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव को लेकर 03 नरकटियागंज व 09 सिकटा विधानसभा के सामान्य प्रेक्षकों ने निर्वाचन कार्य का जायजा लिया है। सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन दोनों प्रेक्षक अनुमंडल कार्यालय पहुचे। इस दौरान नरकटियागंज विधानसभा की सामान्य प्रेक्षक नेहा जैन एवं सिकटा विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक महेंद्र पाल ने नामांकन प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान नरकटियागंज विधानसभा के आरओ सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता एवं सिकटा विधानसभा के आरओ सह डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन के साथ बैठक कर चुनाव से संबंधित समीक्षा की। वही मंगलवार को नरकटियागंज विधानसभा की सामान्य प्रेक्षक नेहा जैन कृषि बाजार समिति पहुचीं। जहां उन्होंने ईवीएम रखने को लेकर स्ट्रॉन्ग रूम, सुरक्षा बलों व पोलिंग पार्टी के आवासन समेत मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि व्रज गृह के आसपास कड़ी सुरक्षा रखनी है। इसको लेकर पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बल के जवानों को मुस्तैद करने का निर्देश दिया।

# लोक संस्कृति से जुड़े सामा चकेवा के महत्व को भूल रहे लोग



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोक संस्कृति से जुड़े सामा चकेवा बिहार झारखंड और नेपाल में बहुत ही पवित्र त्यौहार के रूप में मनाया जाता है यह भाई बहन के अंगूठे रिश्ते को मजबूत करता है.चकेवा के पीछे मान्यता है की दीपावली के बाद आने वाले भैया दूज के अवसर पर भाई की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना कर यमराज की कुटाई की जाती है सामा चकेवा का पीछे कहा गया है कि भगवान श्री कृष्ण को एक पुत्र और एक पुत्री हुई जिसमे पुत्र का नाम सामा और पुत्री का नाम चकेवा था. दोनों भाई बहनों में असीम प्रेम था दोनों दासियों के साथअक्सर वृन्दावन जाकर ऋषि मुनियों के साथ खेला करते थे उसकी दासी का नाम दिहुली था.दिहुली और समा चकेवा नाम बड़ा प्रमुखता से लिया जाता था वह अपने जीवन में बहुत आनंदित थी. भगवान श्री कृष्ण की एक मंत्री जिसका नाम चूरक उर्फ चुंगला था. उसने चकेवा के विरुद्ध श्री कृष्णा का कान भरना शुरू कर दिया की वृंदावन में एक तस्वीर के साथ अवैध संबंध की बात कही जिस पर आक्रोश में आकर भगवान श्री कृष्ण ने अपने पुत्री को आजीवन पक्षी बनकर रहने का श्राप दे दिऐ राजकुमारी चकेवा मनुष्य से पक्षी बन गई इस तरह की घटना को देखकर ऋषि मुनियों को बहुत दुख हुआ वही भाई सामा को पता चला तो पिता श्री कृष्ण को समझाने का बहुत प्रयास किया लेनिन वह टस से मस नहीं हुए अंत में हार मान कर सामा ने अपने तपस्या में लीन हो गए बाद में उनके तप से प्रसन्न हुये इसके बाद कार्तिक पूर्णिमा को सामा चकेवा का मिलन हुआ उसी की याद में आज भी सामा चकेवा का त्यौहार मनाने की परंपरा है. यह पति से भी जोड़ने का संदेश देता है इसके लिए पारंपरिक छोटी-छोटी मूर्तियां बनाई जाती है जिसे बहने डा लियों में रखकर शाम होते हैं भाई की दीघार्यु के लिए सहेलियों संग गीत गाकर भगवान से प्रार्थना करती है कार्तिक पूर्णिमा के संध्या मिट्टी के बने सामा चकेवा को भाई घुटने के बल से तोड़कर फिर गाजे बाजे के साथ तालाब या नदी में डूबा दिया जाता है।

# सामान्य प्रेक्षक द्वारा पिपरा विधानसभा क्षेत्र कमिशनिंग सेंटर का किया गया निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 17 पिपरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक पी शिवकुमार नायडू के द्वारा पिपरा विधानसभा के कमिश्निंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विविपैट में लोड किया जा रहे सिंबल की प्रक्रिया को देखा गया। मॉक पोल के उपरांत विविपैट बॉक्स में गिर रही पर्चियां को दबाए गए बटन से मिलान किया गया। प्रेक्षक के द्वारा कमिश्निंग में कार्य कर रहे कर्मियों एवं पदाधिकारियों से पूरी प्रक्रिया की गहन पूछताछ की गई।सिंबल लोडिंग के उपरांत प्राप्त पर्चियां को बैलेट पेपर से मिलान किया गया। इसके उपरांत स्ट्रांग रूम एवं कैंपस का निरीक्षण भी किया गया। सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई गई। यहां से निकलने के बाद प्रेक्षक पिपरा विधानसभा के पांच मतदान केंद्र यथा 119 - प्राथमिक विद्यालय सेमरा मदरसा, 124 - उत्क्रमित मध्य विद्यालय भरपुरिया पूर्वी भाग, 125- उत्क्रमित मध्य विद्यालय भारतीय पश्चिमी भाग, 122 - प्राथमिक विद्यालय नरहर पड़ी, 123 - प्राथमिक विद्यालय नरहर पड़ी पश्चिम भाग का भ्रमण किया गया। इन सभी मतदान केन्द्रों के आसपास के तकरीबन 40-50 मतदाताओं से बातचीत की गई। उन्हें मतदान केंद्र तक जाने में एवं मतदान करने में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है, के विषय में बातचीत की गई। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदाताओं को इस वर्ष दी जा रही नई सुविधाओं जैसे बूथ पर फोन पाउच इत्यादि से अवगत कराया। बूथ स्तरीय पदाधिकारी द्वारा वितरण किये जा रहे मतदाता पर्ची के बारे में नागरिकों से बातचीत की गई। नागरिकों द्वारा बताया गया कि उन्हें मतदाता पर्ची प्राप्त हो गई है तथा उसमें बड़े अक्षरों में बूथ का विवरण अंकित है जिससे उन्हें बूथ ढूंढने में काफी सहूलियत होगी। प्रेक्षक द्वारा मतदाताओं को फ्री एंड फेयर पोल को लेकर अस्वस्थ किया गया। उन्होंने मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की एवं सभी को निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी के प्रलोभन में नहीं आएं और अपनी स्वेक्षा से अपना मत को डालें। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी चकिया सह पिपरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी भी उपस्थित थीं।

# जीविका दीदियों ने मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि सभी लोग इस लोकतंत्र के महा पर्व का हिस्सा बने और बेहतर सरकार की निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करे। इसी को लेकर प्रखंड के केहुनिया रोआरी, मलदहिया पोखरिया, परोराहा, राजपुर तुमकड़िया, गोखुला, चमुआ, सेमरी, हरदिटेढ़ा समेत अन्य पंचायतों में जीविका के संकुल स्तरीय संघ के नेतृत्व में यह जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ग्राम संगठन, और जीविका समूह की जीविका दीदियों द्वारा रंगोली, रैली, मेहंदी और कैंडल के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसके अलावे घर घर जाओ दरवाजा खटखाओ अभियान की भी शुरूआत भी की गयी। प्रखंड परियोजना प्रबंधक रितेश किशोर सहाय ने बताया की आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए गांव गांव मे सभी जीविका समूहों, ग्राम संगठन, और संकुल स्तरीय संघ द्वारा यह जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। ताकि सभी मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो सके। बीपीएम ने यह भी बताया कि इस बार स्वीप कार्यक्रम के लिए सभी पंचायत स्तर पर नोडल भी बनाया गया है। जिस भी मतदान केंद्र पर कम मतदान हुआ है वहां अलग से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके।



# आठ लाख के कोकीन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बरामद सामग्रीः 16 ग्राम कोकीन, एक वीवो मोबाइल, एक केएफएफएम अंकित खोखा**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की। गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक टाटा मैजिक वाहन से 16 ग्राम कोकीन बरामद किया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग आठ लाख रुपये बताई जा रही है। सदर एसडीपीओ 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में टाटा मैजिक वाहन को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान एक काले रंग के पॉलीथिन में बारह पुड़िया पाई गईं, जिनमें सफेद रंग का पाउडरनुमा पदार्थ था। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सहायता से ड्रग्स डिटेक्शन किट से जांच की गई, जिसमें वह पदार्थ कोकीन पाया गया। वाहन से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान जय प्रकाश यादव, पिता अर्जुन प्रसाद, साकिन बिशुनपुर, अनिल यादव, पिता फेकन यादव, साकिन परिऔना, छोटे कुमार पिता फेकन यादव, साकिन परिऔना थाना नूरसराय, जिला नालंदा के रूप में हुई। बरामदगी में 16 ग्राम कोकीन, एक वीवो मोबाइल फोन, और एक केएफएफएम अंकित खोखा शामिल है। इस कार्रवाई में एनसीबी नोडल पदाधिकारी पंकज कुमार सिंह, पु.नि. मुकेश कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, पु.अ.नि. रमेश पासवान, धीरज पुरी, संजीव कुमार, मनोज कुमार, तथा सिपाही पितांबर कुमार राय और मिथिलेश कुमार शामिल रहे।

## शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से मतदाता जागरुकता रथ रवाना




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** आगामी 6 नवंबर 2025 को होने वाले बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को सफल एवं शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता रथ को शनिवार को सोगरा हाई स्कूल बिहारशरीफ परिसर से रवाना किया गया। इस रथ का उद्देश्य जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करना और उन्हें लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए जागरूक बनाना है। रथ नालंदा जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों 171 अस्थावां, 172 बिहारशरीफ, 173 राजगीर (अ.जा.), 174 इस्लामपुर, 175 हिलसा, 176 नालंदा और 177 हरनौत के अंतर्गत उन मतदान केंद्रों पर पहुंचेगा जहां पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। जागरुकता रथ के माध्यम से डॉक्यूमेंट्री फिल्में, ऑडियो-विजुअल संदेश और स्लोगन के जरिये लोगों को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता चाहे वह महिला, पुरुष, युवा, दिव्यांग या थर्ड जेंडर हो मतदान से वंचित न रह जाए। सभी ने एक सुर में कहा कि लोकतंत्र की सशक्तता तभी संभव है जब हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जिम्मेदारी से करे। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ (आइसीडीएस) सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ज़िला आइकॉन राहुल वर्मा ने नक्सल क्षेत्रों में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देश अनुसार जिला आइकॉन राहुल वर्मा के द्वारा आज नक्सल प्रभावित क्षेत्र रजौली विधानसभा के सवैयाताड़ पंचायत के मायका वेल्फेयर सफी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। राहुल वर्मा ने बताया कि यह लगभग 600 फीट ऊंची पहाड़ों से रास्ता से चलकर यह गांव पहुंचा जो कि मेरे लिए बहुत चुनौती पूर्ण था पिछली बार इस क्षेत्र में बहुत कम वोटिंग प्रतिशत हुई थी जिसके कारण यहां लोगों के बीच मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

# सांसद ने प्रधानमंत्री को मां चामुंडा स्थान का फोटो फ्रेम की भेंट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवादा आगमन का लीड नवादा सांसद विवेक ठाकुर ही करते दिखे। नवादा की जनसभा में पहुंचते ही सांसद विवेक ठाकुर ने उनका अभिवादन किया। मंच पर पहुंचते ही प्रधानमंत्री लोगों से पहले मंच पर बैठे लोगों का अभिवादन किया फिर दर्शकों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम के दौरान ही सांसद विवेक ठाकुर ने जिले के रूपों स्थित मां चामुंडा देवी के फोटो फ्रेम को प्रधानमंत्री को प्रदान किया। इसके बाद उन्हें एनडीए और बीजेपी लिखा हुआ अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान की इस कड़ी में मंच पर मौजूद एनडीए के सभी 14 प्रत्याशियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 100 किलो गुलाब के फूलों का माला पहनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, नवादा सांसद विवेक ठाकुर, नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।


**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 75-Saharsa | Kishore Kumar | 1. ACJM Patna P.S. Case No.-13112025 (Hawai Adda) Pending<br>2. ACJM Patna P.S. Case No.-154/2025 (Sachivalaya Thana Pending | 1. Sec. 191(2), 190, 189 (5), 195(1), 132, 61(2), 3s2 BNS<br>2. Sec. 191(2), 190,132,223 BNS | NA | NA | NA |


## वृक्ष में ईश्वर का अंश, इसकी सेवा, संरक्षण और संवर्धन से ही संसार का कल्याण : कारा अधीक्षक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा 231वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन जहानाबाद जिले के काको स्थित मंडल कारा परिसर में संपन्न हुआ। पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोचारण एवं पौधों का पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित कारा अधीक्षक अजीत कुमार ने कहा कि वृक्ष शाश्वत रूप से पृथ्वी पर जीवन का आधार है। वृक्ष की सेवा, संरक्षण और संवर्धन हमारे पूर्वज उसमें ईश्वर का अंश मानकर करते आए हैं। आज का औद्योगिक और उपभोक्तावादी समाज ने पेड़-पौधों और जंगल का दोहन करते हुए इसे नष्ट करने पर तुला है। उन्होंने बताया कि वृक्ष के बिना मानव जीवन तो दूर, हम पृथ्वी पर जीवों की भी कल्पना नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वृक्ष प्राण वायु के संचार करने के साथ हमारे लिए भोजन, दवा और दूसरे कई महत्वपूर्ण सामग्रियां प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह विडंबना ही है कि इतने महत्वपूर्ण होने के बावजूद दिनों दिन जंगल और वन्यजीव प्राणियों, पक्षियों, जलचरों की कई प्रजातियां तेजी से विलुप्त हो रही है, जिसके कारण जैव पारिस्थितिकी के असंतुलन का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि इस प्रकार की परिस्थिति से बाहर निकलने का एक ही रास्ता है सभी लोग जितना अधिक से अधिक हो सके पेड़ पौधा लगाएं और पृथ्वी को स्वच्छ, सुंदर और हराभरा बनाने में अपनी ओर से योगदान दें। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक वर्ष कम से कम पांच से 10 पौधे जरूर लगाएं और उसकी रक्षा एवं पालन पोषण अपने बच्चों के समान करें। उन्होंने धार्मिक उद्धरण देते हुए कहा कि शास्त्र संवत् भी है कि इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता है। उन्होंने गायत्री परिवार के युवा सदस्यों द्वारा चलाए जा रहे सप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगों के द्वारा किया जा रहा यह कार्य मानवता के लिए प्रेरित और धर्म सम्मत है। उन्होंने कहा कि इसमें हर लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संकल्पित होना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जेलर भोला प्रसाद शर्मा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला प्रभारी रंगेश कुमार,जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, सहायक ट्रस्टी श्याम नारायण कुमार, व्यवस्थापक कौशल कुमार, आर्यन राज,शिशुपाल सिंह, अजीत कुमार, भारती जी,विनोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, संटू कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## छह नवम्बर को बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** भारत निर्चाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत ज़िला स्वीप आइकॉन डा। आशुतोष कुमार मानव ने नगर परिषद हिलसा क्षेत्र के बिहार रोड में घर घर दस्तक जागरूकता अभियान चलाया । इस दौरान पुरुष और महिला मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया। वैसे मतदान केंद्रों पर जहां पिछली बार कम वोट पड़े थे वहाँ के मतदाताओं एवं अन्य नागरिकों से मिलकर विचार विमर्श किए। इस दौरान डा मानव ने आगामी छह नवम्बर के दिन चुनाव पर्व में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेने की अपील सभी मतदाताओं से की। सभी के दरवाज़े खटखटाते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले विधान सभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए अभी से लोग मन बना लें और सभी परिजनों व पड़ोसियों को भी जागरूक करें। इसी क्रम में बाबा अभय नाथ धाम सह मानव सेवा आश्रम में पहुंचे मतदाताओं ने कहा कि एक एक वोट कीमती है आपका । सभी लोग मतदान के दिन बूथ पर जाइए और इवीएम पर बटन दबाइए। अपने आस पास के लोगों को भी सजग कीजिए ताकि वोट प्रतिशत बढ़ सके। फिर भी अगर मतदाताओं को कोई भी जानकारी लेनी हो तो टोल फ्री नंबर 1950 पर निःशुल्क संपर्क किया जा सकता है । उन्होंने वोटरों से अपील किया है कि धर्म, जाति, लोभ लालच से ऊपर उठकर वोट करें और अपने वोट की चोट से मन पसंद की सरकार बनाएं तभी देश का लोक तंत्र मज़बूत होगा। इस दौरान लोगों ने लोकतंत्र को मज़बूत बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया।


**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and up to two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : PRAKASH CHANDRA S/O-BHAGWAN PRASAD, R/O-BHAKHARUA (DAUDNAGAR) P.S&P.O-DAUDNAGAR

Name of political party : LOK JANSHAKTI PARTY (RAMVILAS)
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : 220-OBRA

I PRAKASH CHANDRA (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1st Class Judicial Magistrate Civil Court, Daudnagar, Aurangabad, Bihar | Case No.68/2020 | Pending | Section(s)188,171(H)IPC Allegation of Breach of Model Code of Conduct of Bihar Assembly Election |
| 2 | 1st Class Judicial Magistrate Civil Court, Daudnagar, Aurangabad, Bihar | Case No.379/2020 | Pending | Section(s)143,188,269,270,271 IPC Allegation of Breach of Model Code of Conduct of Bihar Assembly Election |
| 3 | 1st Class Magistrate Civil Court, Daudnagar, Aurangabad, Bihar | Case No. 263/2020 | Pending | Section(s)143,188,269,270,271 IPC Allegation of Breach of Model Code of Conduct of Bihar Assembly Election |
| 4 | 1st Class Magistrate Civil Court, Daudnagar, Aurangabad, Bihar | Case No. 194/2020 | Pending | Section(s)147,149,341,323,325,120(B),427 IPC Allegation of Abuse and Assault |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Nil | Nil | Nil |
| 2 | Nil | Nil | Nil |
| 3 | Nil | Nil | Nil |
| 4 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



**Format C-1**

**ANNEXURE - 51 (CHAPTER 5, PARA)**

*(for candidate to publish in Newspapers,TV)*

**DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES**

(As per the judgment date 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011) *(PublicInterest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : **Abhishank Kumar, Ward No. - Kurmitola Dakshin, Mathurapur, Gram+Post-Khagaria**

Name of political party : JAN SURAJ PARTY
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : **STATE ASSEMBLY ELECTION**

*Name of Constituency : 148, Alauli (Sc) Constituency

I **Abhishank Kumar** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and date | Status of Case(s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | In the court of Saurav Kumar (1st Class J.M) | 272 C/2024 | Before Cheque Evidence | Section (s) - 439 467/34 IPC A 27 Arm Act. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of court & date (s) of order (s) | Description of offence (s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | None | None | None |

In the case of election no Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# रोटरी क्लब तथागत ने निकाली पोलियो उन्मूलन जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रोटरी क्लब तथागत द्वारा पोलियो उन्मूलन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य समाज में पोलियो उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता फैलाना एवं "पोलियो मुक्त भारत" के संदेश को आम जन तक पहुंचाना है। रैली का शुभारंभ संत जोसेफ स्कूल बिहार शरीफ से हुआ जो पुलपर, अम्बेर चौक, नई सराय होते हुए डॉक्टर कॉलोनी में रो. डॉ. इंद्रजीत कुमार परियोजना अध्यक्ष के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर रैली में इंट्रेक्ट क्लब, संत जोसेफ स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही एमडब्लू टीम के अध्यक्ष अंजनी कुमार तथा सदस्यों का विशेष सहयोग रहा वहीं इनर व्हील क्लब बिहार शरीफ की सदस्याओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता कर जनजागरूकता संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। रैली का नेतृत्व प्रोजेक्ट




चेयरमैन रो. डॉ. इंद्रजीत कुमार एवं को-चेयरमैन रो. विपिन कुमार भास्कर ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में क्लब के सभी सदस्यों ने योगदान दिया। क्लब अध्यक्ष रो. परमेश्वर महतो ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल की सबसे बड़ी सफलता "पोलियो उन्मूलन" के मिशन को समाज के सहयोग से और सशक्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। क्लब के सचिव रो. मधु कंचन ने बताया की भारत में पोलियो के खिलाफ बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान 1995 में 'पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम' के साथ शुरू हुआ था, जो 1988 में विश्व स्वास्थ्य सभा के प्रस्ताव के बाद शुरू की गई वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल का हिस्सा था। रो डॉ अरविन्द कु सिन्हा ने कहा की हिदुस्तान से पोलियो समाप्त हो गया है। लेकिन अभी भी हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान मे अभी भी पोलियो का केस देखा गया है। इसलिए पोलियो खुराक बच्चों को पिलाते रहें। इस अवसर पर रोटरी क्लब बिहार, इंट्रेक्ट क्लब, इनर व्हिल एवं एम डब्लू टीम के सदस्य शामिल थे।

## चोरी के मवेशी के साथ एक चोर और दो खरीदार को ग्रामीणों ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र में मवेशी चोरी होने पर बेलाडीह गांव में चोरी के एक मवेशी के साथ दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा। वहीं पकड़ाए लोगों की निशानदेही पर मवेशी चोर को भी ग्रामीणों द्वारा दबोच लिया गया। ग्रामीणों ने एक मवेशी चोर और दो खरीदार को पकड़ कर डायल 112 को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने तीनों लोगों को हिरासत में लेकर थाना ले गई। पीड़ित पचम्बा गांव निवासी रामोतार यादव ने बताया कि बीते शनिवार की रात्रि से उनके घर के बाहर गौशाला में खूंटे से बंधे बैल की चोरी हो गई थी। अपने बैल की खोज में पूरा परिवार आसपास के गांवों समेत अकबरपुर एवं लौंद गांव में खोजबीन में जुटे थे। इसी बीच बेलाडीह गांव से फोन आया कि एक बैल के साथ दो लोगों को ग्रामीणों ने मवेशी चोर समझ रोके हुए हैं। सूचना पर पशुपालक रामोतार यादव जब बेलाडीह पहुंचे, तो देखा कि उनका ही चोरी हुआ बैल है। चोरी के मवेशी के साथ रहे लोगों की पहचान अकबरपुर थाना के रजहत गांव निवासी मो. मुस्तफा कुरैशी के पुत्र मो. खुर्शीद कुरैशी और अलाउद्दीन कुरैशी के पुत्र आरिब कुरैशी के रूप में हुई।

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 77- Mahishi | Shamim Akhtar | C.J.M. Saharsa, Case No. - 1080/2005 & Pending | Section 420, 467, 468, 34, 120-B IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 73- Madhepura | Shashi Kumar | J.M 1ST Class -XIV, Patna P.S. Case no-83/09, Madhepura Pending | Sec 364,34 of IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 74- Sonbarsa(SC) | Satyendra Kumar | 1. J.M-1, Saharsa P.S. Case no 18/2018, Basnahi Pending | 1. Sec 341,323,435, 504,34 IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 70- Alamnagar | Subodh Kumar Suman | 1. S.D.J.M., Udakishanganj Case No: 93/2024 Pending<br>2. S.D.J.M., Udakishanganj Case No: 128/2015 Pending<br>3. S.D.J.M., Udakishanganj Case No 541/2015 Pending<br>4. S.D.J.M., Udakishanganj Case No 3O7/2023 Pending<br>5. S.D.J.M., Udakishanganj Case no 53/2015 Pending<br>6. A.D.J. Naugachia Case no 452/2023 Pending<br>7. A.D.J. Purnea Case No 18/2009 Apperance | 1. Sec 147, 323, 42O, 467, 468, 120(B) of IPC<br>2. Sec 341,323,384,379,504, 506, 141 of IPC<br>3. Sec 341, 323,354(b),448, 380, 504, 506, 34 of IPC<br>4. Sec 135 of Electricity Act 2003<br>5. Sec 341, 323,354(a),504, 506, & 34 of IPC<br>6. Sec 30(A) of Bihar Prohibition and Excise Act 2016.<br>7. Sec 302, 201,120B and 34 of IPC | NA | NA | NA |

# डोर टू डोर बीएलओ कर रहे मतदाता पर्ची का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर रजौली प्रखंड क्षेत्र में बीएलओ द्वारा डोर टू डोर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। मतदाता पर्ची मतदान के दिन मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र की जानकारी देने के लिए बांटी जाती है। यह पर्ची मतदाताओं को उनके मतदान के अधिकार का प्रयोग करने में मदद करती है और उन्हें अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करती है। मतदाता पर्ची का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने में मदद करना है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ संजीव झा ने बताया कि रजौली विधानसभा में विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में आगामी 11 नवंबर को मतदान होना है। मतदान से पूर्व ही प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची डोर टू डोर वितरण करने को निर्देशित किया गया है।



**पहली बार मतदाताओं में खुशी**

विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदाता बने अमरेश कुमार चिंटू ने बताया कि उनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है और उन्होंने अपना नाम बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में जुड़वाने को लेकर आवेदन भी दिया था। रविवार को कन्या मध्य विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक सह बूथ संख्या 323 के बीएलओ उपेंद्र कुमार द्वारा उन्हें मतदाता पर्ची मिली है।अब वे अपने मत का पहला उपयोग 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में करेंगे। वहीं शशांक कुमार एवं सुरेन्द्र कुमार गोलू ने भी अपना और अपने परिजनों की मतदाता सूची बीएलओ से रिसीव किया।इस कार्य के लिए उन्होंने स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद भी कहा है।

**मतदाता पर्ची मिलने से युवाओं में दिख रहा उत्साह,**

---

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | 78-Kusheshwar Asthan(SC) | Shatrudhan Paswan | 1. S.D.J.M., Biraul Kusheswarsthan P.S. Case No. 53/25 Pending<br>2. S.D.J.M., Biraul Kusheswarsthan P.S. Case No. 376/24 Pending<br>3. A.C.J.M.-I, Biraul, Kusheswarsthan P.S. Case No.- 221/20 Pending<br>4 Spl. Court SC/ST (POA), Darbhanga Kusheswarsthan P.S. Case No.- 160/15 Pending | 1. Sec.- 191(2), 190, 132, 126(2), 127(2), 115(2), 308(3), 324, 32(b) BNS<br>2. Sec.- 223, 329(3), 352, 3(5) BNS<br>3. Sec.-341, 323, 353, 504, 34 IPC<br>4. Sec.- 147, 148, 149, 448, 341, 323, 324, 325, 354, 380, 436, 429, 504, 314 IPC & 3(1)(X) SC/ST Act. | NA | NA | NA |

---

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | 84-Hayaghat | Pratibha Singh | Additional Chief Judicial Magistrate, Andheri, Mumbai. Andheri P.S. Case No. 1958/2016 Pending | Sec.- 141, 143, 145, 147, 149, 452,427 IPC (unlawful assembly, Punishment for being a member of an unlawful assembly, Punishment for rioting, wrongful restraint, Mischief causing damage to property of ₹50 or more) | NA | NA | NA |

---

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : JAN SURAAJ PARTY

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : BIHAR

| 1. | 2. | 3. | | 4. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 88- Gaighat | Ashok Kumar Singh | 1.Court No. 311, Karkarduma New Delhi, Case No. 237/25 & Charge not framed<br>2.J.M. -1 Muzaffarpur, Case No. 177/25 & Charge framed | 1.Section- 69 BNS<br>2.Section- 419, 420, 466, 468, 471 IPC | NA | NA | NA |

---

**Format C-2**

*(For political party lo publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of Political Party : Jan Suraaj Party

* Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of State/ UT : Bihar

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.no. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | 81-Alinagar | BIPLAW KUMAR CHOUDHARY | 1. A.D.J 1ST , PS Case no 192/2004, Bahera &Pending<br>2. S.D.J.M , Benipur , Ps Case no 25/2016, Alinagar & Pending | 1. Sec147,148, 149,323,324, 307,379,312, 504,506,189 IPC<br>2. 447,141,323 ,504/34 IPC | NA | NA | NA |

# चुनाव को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में किया गया फ्लैग मार्च

## निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में रविवार को निर्वाची पदाधिकारी, सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस बल के जवानों द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमे बेगूसराय, बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी, चेरियाबरियारपुर, बखरी एवं साहेबपुर कमाल विधान सभा शामिल है। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य आगामी मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराना था।



सभी क्षेत्रों में पदाधिकारियों एवं बलों ने प्रमुख मार्गो, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च कर मतदाताओं को यह भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी तरह सजग और तैयार है। फ्लैग मार्च के दौरान निर्वाची पदाधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लगातार फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन और सुरक्षा समीक्षा की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। इस मौके पर सीआरपीएफ, जिला पुलिस बल और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

### बर्तन चोरी का आरोप लगा गोतनी ने की मारपीट

**रजौली (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के हाथोचक गांव में रविवार को बर्तन चोरी का आरोप लगाकर गोतनी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर महिला के साथ जमकर मारपीट की। घायल महिला अपना इलाज करवाने हाथोचक गांव से अनुमंडलीय अस्पताल आई। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि घायल महिला की पहचान हाथोचक गांव निवासी देवकी यादव की पत्नी सीमा देवी के रूप में हुई है। इलाजरत महिला ने बताया कि उनके सास-ससुर का देहांत हो चुका है। वे अपने पति और तीन छोटी बेटियों के साथ घर में रहती हैं। उनका पति जंगल में बकरी चराने गए थे। इसी बीच रविवार को उनकी गोतनी स्वीटी देवी, गोतनी की मां मंजू देवी और बहन पूनम देवी ने एक बर्तन की चोरी का आरोप लगाकर विवाद शुरू की।

# जनसभा के बाद पोखर में कूदे राहुल, पकड़ी मछली

### बेगूसराय में राहुल गांधी, कन्हैया कुमार और मुकेश साहनी ने पोखर में लगाई छलांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विधानसभा क्षेत्र के भरा गांव स्थित एक पोखर में रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने के बाद पोखर में राहुल गांधी कूदकर मछुआरों के साथ मछली मारने का काम किया। पोखर में मछली मारने वालो में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी के वरिष्ठ नेता कन्हैया कुमार और वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी नाव पर सवार होकर पोखर में पहुंचे। नाव से उतरने के बाद तीनों नेताओं ने एक-एक कर पोखर में छलांग लगाई। इस दौरान उन्होंने जल के माध्यम से मछलियां पकड़ने की पारंपरिक प्रक्रिया में भाग लिया। हालांकि,



पकड़ी गई मछलियों को उन्होंने दोबारा पोखर में ही छोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नेताओं ने यह कदम पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए उठाया। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। जिन्होंने नेताओं के इस अनोखे अंदाज का स्वागत किया।

# बुढ़वा शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** बुढ़वा शिव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन मामाजी के कृपापात्र आचार्य रणधीर ओझा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, कालियामर्दन, गोवर्धन पूजा तथा गोपियों की रासलीला का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। आचार्य श्री की रसपूर्ण वाणी से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

आचार्य श्री ने भगवान श्रीकृष्ण की नटखट बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि बाल गोपाल अपने मित्रों संग माखन चुराकर सबका मन मोह लेते थे। उनके भोलेपन और शरारतों से यशोदा मैया के साथ-साथ पूरे गांव के लोग भी उनसे परेशान रहते थे। कथा के क्रम में आचार्य श्री ने कालिया नाग दमन की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने बाल अवस्था में ही अपने पराक्रम से यमुना में विष फैलाने वाले कालिया नाग का संहार कर ब्रजवासियों को भयमुक्त किया। इसके बाद उन्होंने गोवर्धन पूजा प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण ने इंद्र की पूजा का विरोध कर ब्रजवासियों से गोवर्धन महाराज की पूजा करने को कहा। इंद्र के क्रोधित होने पर मूसलाधार वर्षा होने लगी, तब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। आचार्य श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा वैराग्य, ज्ञान और ईश्वर से मिलने का मार्ग दिखाती है। कलयुग में हरि नाम ही कल्याण का साधन है। सच्चे मन से हरि नाम का स्मरण करने मात्र से मनुष्य के जीवन का उद्धार संभव है। गोपियों के प्रेम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञान योग से प्रेम योग अधिक सरल और सुखद है। जिस भगवान कृष्ण को बड़े-बड़े ज्ञानी और तपस्वी नहीं पा सके, उन्हें गोपियों ने अपने निष्काम प्रेम से पा लिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को लोभ, मोह और लालच से दूर रहकर परमार्थ और पुण्य कर्मों में लगना चाहिए। ऐसे पुण्य कर्म समाज में आनंद और परिवर्तन का संचार करते हैं। कथा के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन, कीर्तन और जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बन गया।

# भोजपुर में सुपर बीजों से फसल मजबूत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित 'श्रीराम सुपर 5-एसआर-05' और 'श्रीराम सुपर 303' किस्मों से किसानों ने उच्च उपज और बेहतर गुणवत्ता का अनुभव किया। इस साल मैंने सुपर 5-एसआर-05 की बुआई की। फसल की तना मजबूत और बालियां लंबी हैं। विपरीत मौसम में भी उपज स्थिर रही और मुझे लगभग 20-22 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन मिला। मंडी में उच्च भाव मिलने से मुझे अतिरिक्त 5000-6000 प्रति एकड़ लाभ हुआ। प्रत्येक बाली में 80-85 दाने होने से उत्पादन में शानदार वृद्धि हुई। लंबी बालियों और अधिक कल्लों की वजह से फसल मजबूत और गिरने से सुरक्षित रही। रोग प्रतिरोधक क्षमता के कारण फसल स्वस्थ और उच्च गुणवत्ता वाली रही। विपरीत मौसम में भी स्थिर उपज से किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के भाग के रूप में बीज वैज्ञानिक रूप से परीक्षण और प्रमाणित हैं। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के प्रतिनिधि ने कहा, हमारा उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें हर मौसम में भरोसेमंद उपज देना है। सुपर 5-एसआर-05 और 303 किस्मों ने भोजपुर में अपनी विश्वसनीयता साबित कर दी है। भोजपुर के किसान इस साल भी अपने खेतों में सिर्फ सुपर 5-एसआर-05 और 303 बीज ही लगाएंगे और स्थानीय मंडियों में बेहतर मूल्य प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं।

### नेपाली नागरिक 16.5 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार

**मधुबनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र भारी मात्रा में नेपाली रुपए के साथ एक तस्कर को बिहार के मधुबनी जिला के अंधरामठ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार मधुबनी के अंधरामठ थाना पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में अंधरामठ थाना अन्तर्गत नयौर सीमा पर 16 लाख 50 हजार 250 नेपाली रुपये के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान नेपाल के सप्तरी जिला के गोविन्दपुर निवासी भगत साह के रुप में हुई है। गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्रवाई हेतु सीमा शुल्क अधिकारी को सुपुर्द किया गया हैं। गिरफ्तार नेपाली नागरिक से प्रारंभिक पूछताछ में उसने इस राशि का स्रोत एवं उद्देश्य के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को समाहरणालय परिसर, से मतदाता जागरूकता रथ रवाना किया गया। रथ को सहायक समाहर्ता अजय यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता की सहभागिता आवश्यक है। एक-एक मत देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करता है। मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के नागरिकों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। यह रथ बेगूसराय जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों बेगूसराय, बछवाड़ा, तेघरा, मटिहानी, चेरियाबरियारपुर, साहेबपुर कमाल एवं बखरी में भ्रमण करेगा। रथ के माध्यम से विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और जनसमूहों में जाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया जाएगा। रथ पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर, बैनर, स्लोगन, डिजिटल संदेश एवं अडियो-विजुअल सामग्री प्रदर्शित की गई है, जिससे मतदाताओं को मतदान की तिथि 6 नवम्बर की जानकारी के साथ मतदान के महत्व को समझाया जा सके। इस अवसर पर जिला स्वीप कोषांग के पदाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# वृंदा के श्राप से भगवान पत्थर के बन गए : आचार्य जय जी महाराज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** भगवान विष्णु ने शंखचूड़ नामक असुर का वध करने के लिए वृंदा (तुलसी) के पतिव्रत धर्म को भंग किया था। जब वृंदा को यह सत्य पता चला, तो उन्होंने भगवान विष्णु को शाप दिया कि वे पत्थर (शालिग्राम) बन जाएंगे। ये बातें धमौल थाना क्षेत्र के भोजपुर टोला के मोहन सदन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथा दिन पूज्य पंडित आचार्य जय जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि वृंदा के द्वारा भगवान को शालिग्राम का रूप देकर उसने देह त्याग कर दिया उसके शरीर से तुलसी पौधा उत्पन्न हुआ इस कारण तुलसी और विष्णु का पूजन किया जाता है। तुलसी जी को भगवान विष्णु की पत्नी लक्ष्मी का अवतार माना गया है जो प्राणी तुलसी विवाह करता है उसे पुत्र सौभाग्य समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इधर श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन करता श्रवण कुमार पांडेय ने बताया कि अपनी धर्मपत्नी श्रीमती विद्यावती देवी जो कार्तिक स्नान कर रही थी कार्तिक उद्यापन के उपलक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान की चर्चाएं सुनने को मिल रही है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर श्रीमद् भागवत कथा का लाभ उठाने की अपील की है। मौके पर अशोक कुमार पांडेय, बाल्मीकि पांडेय, संतोष पांडेय, पंकज पांडेय, मनोहर पांडेय, रंजय पांडेय, साकेत पांडेय, मनोज पांडेय, राहुल पांडेय, पवन पांडेय सहित समस्त पांडेय परिवार मौजूद थे।

# पकरीबरावां में पेंशनर समाज की कार्यकारिणी का गठन

**पकरीबरावां (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पकरीबरावां में प्रखण्ड पेंशनर समाज की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्रयवेक्षक रामनरेश प्रसाद सिंह की देख रेख में कार्यकारिणी का गठन किया गया। मो.शहाबुद्दीन को सभापति, रामनरेश शर्मा एवं मो. शमशेर आलम को उप सभापति, राजेन्द्र प्रसाद को सचिव, चंद्रशेखर प्रसाद सिंह एवं मो. हासिम को संयुक्त सचिव, जयकांत सिंह प्रभाकर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। गौरीशंकर सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद, मो. अलीम उद्दीन, रामप्रसाद पासवान, हरिनारायण सिंह, राजो सिंह एवं मधुसूदन सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।


**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 106-Ziradei | Munna Pandey | A.C.J.M VIII,Siwan , Tr.no.1699/2024, Siwan & Pending | Sec 420 IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 105-Siwan | Intekhab Ahmed | CJM, Siwan, PS Case no 287/17, Siwan & Pending | Sec 302 IPC | NA | NA | NA |


# चुनाव से पहले मालाकार समाज ने एकजुट होकर मतदान करने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय के सती स्थान स्थित एक निजी भवन में रविवार को रजौली विधानसभा के मालाकार समाज के प्रबुद्ध लोगों की बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नवादा से आए कमलेश सैनी ने किया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व चल रहा है। आगामी 11 नवंबर को बिहार विधानसभा के दूसरे चरण में रजौली में मतदान होना है। बैठक में समाज के लोगों से रजौली में विभिन्न 8 राजनैतिक दलों के अलावे 3 निर्दलीय विधायक प्रत्याशी हैं। इनमें से किसी एक को मालाकार समाज अपना मत देने को लेकर विचार कर रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि हमारे समाज से एक भी व्यक्ति बिहार के विधानसभा और विधान परिषद में नहीं है इसलिए हमारा समाज दूसरे के भरोसे है और जो प्रत्याशी हमारे पास आएंगे। समाज का वोट उन्हीं को जाएगा। इसके बदले प्रत्याशी जीत के बाद मालाकार समाज के उत्थान के लिए भी कार्य करेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि रजौली विधानसभा में मालाकार समाज से 5 से 7 हजार मतदाता हैं। बैठक की समाप्ति के बाद मालाकार समाज के लोगों ने अपना अंतिम निर्णय आगामी 7 तारीख को सार्वजनिक करने की बात कही है। बैठक के दौरान रजौली से दिलीप मालाकार, मोती मालाकार व शंकर मालाकार, सिरदला से डोमन मालाकार, वरदाहा से शम्भु मालाकार, लौंद से विकास मालाकार के अलावे मुन्ना मालाकार समेत दर्जनों प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

# पांच नवंबर को अंबा में निकलेगी पिंक रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर से सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय अंबा में पांच नवंबर को पिंक रैली निकली जायेगी। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु और अंचलाधिकारी चंद्र प्रकाश ने दी है। बताया कि लोकतंत्र में 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को वोटिंग का अधिकार है। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करनी चाहिए। अधिक से अधिक मतदाता वोटिंग प्रक्रिया में भाग ले इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर अंबा में पिंक रैली निकाली जानी है, जिसमें जिलाधिकारी के अलावा डीडीसी, एडीएम व जिला के अन्य अधिकारी भी शिरकत करेंगे। बीडीओ ने बताया कि रैली में स्टेट स्वीप आइकॉन अभिनेत्री नीतू चंद्रा भी शामिल होंगी। साथ ही जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, आशा, विद्यालय की शिक्षिका व छात्राएं शामिल होंगी। रैली की शुरुआत प्रखंड कार्यालय परिसर से की जायेगी। इस क्रम में अंबा के प्रमुख सड़कों पर भ्रमण करते हुए हाइस्कूल चिल्हकी अंबा परिसर पहुंचेंगे। जहां मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

### ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का एलान

**ओबरा (नबिटा संवाददाता)।** महुआंव टोला महेशपुर के ग्रामीणों के वोट बहिष्कार का आंदोलन जारी है। दरअसल सड़क व पुल की मांग पर ग्रामीणों ने रविवार को 15वें दिन भी नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक पुल का निर्माण नहीं होगा, तब तक वे वोट बहिष्कार करते रहेंगे। बता दें कि आपसी विचार-विमर्श के बाद एकजुट ग्रामीण महुआंव गांव से महेशपुर टोला तक पुनपुन नदी पर पुल और नारायणपुर-महेशपुर व कनौखर-महेशपुर तक सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। रविवार को भी ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार की नारेबाजी के साथ आक्रोश जताया। पुल व रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर भी लगाया गया। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गयी। ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। काराकाट के पूर्व सांसद महाबली सिंह ने पुल निर्माण का आश्वासन भी दिया था, लेकिन उनकी घोषणा सिर्फ आश्वासन तक ही सिमट कर रह गयी।

# बिहार बदलाव को है तैयार : दीपांकर भट्टाचार्य

## महागठबंधन को 150 सीटें आने का किया दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन के कल्याणचक में महागठबंधन के प्रत्याशी फुलवारी शरीफ के विधानसभा के प्रत्याशी गोपाल रविदास के पक्ष में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने जनसभा की और गोपाल रविदास के पक्ष में वोट करने की अपील की। मौके पर भाकपा माले समेत महागठबंधन के सभी दल के समर्थक उपस्थित रहे। दीपांकर भट्टाचार्य ने सभा को संबोधन करते हुए कहा कि बिहार बदलाव को तैयार है आप सभी एक जुट हो जाइए और महागठबंधन को वोट देकर ज्यादा से ज्यादा सीटों को जिताईये। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा इस बार जनता का मूड बदलाव को लेकर तैयार है महागठबंधन को 150 सीटें आएंगी। इसके अलावा उन्होंने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा कहती है कि सबका साथ सबका विकास लेकिन उसके चुनावी सीट का बटवारा में देखिए एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को सीट नहीं दिया है। डबल इंजन की सरकार रहते हुए नीतीश सरकार को मोहरा बनाकर उसे यूज कर रही है। महागठबंधन की सरकार बनी तो रोजगार महिलाओं को सम्मान सुरक्षा बिहार में उद्योग हर चीजों पर हम लोग काम करेंगे। बहरहाल आगामी 6 नवंबर को प्रथम चरण का मतदान होना है तैयारियां जोरों पर चल रही है सभी दलों का लगातार ताबड़तोड़ चुनावी सभा चल रही है हर दलों का अपने-अपने दावे हैं अब देखना यह है कि जनता का जनमत किस दल को मिले जा रहा है।




## जनता को बहकाने के लिए किए जा रहे वादे : मीसा भारती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन के कल्याणचक में महागठबंधन के प्रत्याशी गोपाल रविदास के पक्ष में वोट की अपील करते हुए जनसभा मे मीसा भारती ने कहा कि बिहार की जनता अब जाग चुकी है और जो नेता डर और दमन की राजनीति करना चाहते हैं, उन्हें इस बार करारा जवाब देगी। मीसा ने यह भी जोड़ा कि बिहार में अब बुलडोजर नहीं, बल्कि रोजगार और शिक्षा की बात होगी। एनडीए की चुनावी घोषणाओं पर सवाल उठाते हुए मीसा भारती ने कहा कि बीस साल बाद इन्हें याद आया कि केजी से पीजी तक की पढ़ाई फ्री होनी चाहिए. जब इनके पास मौका था, तब बच्चों का भविष्य बर्बाद किया आज जब चुनाव सामने है, तब जनता को बहकाने के लिए नए वादे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब वादों पर नहीं, काम पर भरोसा करेगी। मीसा भारती ने आगे कहा कि इस बार बिहार की जनता बदलाव के मूड में है. उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कहा कि अब बिहार में युवाओं की सरकार बनेगी, तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे और महागठबंधन सत्ता में वापसी करेगा। उन्होंने इस मौके पर महागठबंधन के प्रत्याशी गोपाल रविदास के पक्ष में वोट की अपील की। मीसा भारती ने महागठबंधन के नेताओं से एकजुटता की अपील करते हुए कहा कि बिहार में अब जाति नहीं, रोजगार और शिक्षा की राजनीति होगी। उन्होंने जनता से महागठबंधन को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इस बार बिहार की राजनीति एक नई दिशा लेगी जहां न बुलडोजर चलेगा न भय की राजनीति होगी, बल्कि युवाओं का सपना और गरीबों की आवाज शासन करेगी।



## मतदाता जागरूकता सेल्फी प्वाइंट की स्थापना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ एस यू कॉलेज, हिलसा में लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक विशेष "Voter Awareness Selfie Point" की स्थापना की गई। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों एवं युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित करना है। महाविद्यालय परिसर में स्थापित यह सेल्फी प्वाइंट छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। विद्यार्थी उत्साहपूर्वक यहां आकर 'सेल्फी विद अवेयरनेस', 'मेरा वोट मेरा अधिकार' जैसे स्लोगन के साथ तस्वीरें ले रहे हैं और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर पोस्ट कर अपने साथियों को भी जागरूक करने का संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हर नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग जिम्मेदारीपूर्वक करेगा। युवाओं को आगे आकर मतदान की प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए, क्योंकि आज का युवा ही आने वाले भारत का भविष्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य समाज में सेवा, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। मतदाता जागरूकता अभियान इसी दिशा में एक सशक्त कदम है। इस सेल्फ़ी पॉइंट के माध्यम से हम युवाओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि वोट सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। हमारे स्वयंसेवक लगातार कॉलेज के छात्रों को मतदान प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में जागरूक कर रहे। इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों के साथ-साथ कॉलेज के कई शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं मतदान करेंगे, बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।




## पेज 1 का शेष

### बिहार में बिछेगा...

भाजपा प्रत्याशी अरुणा देवी, गोविंदपुर लोजपा प्रत्याशी विनीता मेहता, रजौली लोजपा प्रत्याशी विमल राजवंशी, हिसुआ भाजपा प्रत्याशी अनिल सिंह के साथ-साथ वजीरगंज, फतेहपुर, राजगीर, बिहार शरीफ और बरबीघा के एनडीए प्रत्याशियों से मुलाकात कर उन्हें जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा स्थल पर लगभग 45 मिनट विलंब से पहुंचे और 42 मिनट के अपने भाषण में बिहार के विकास की तारीफ करते हुए फिर से बिहार में एनडीए सरकार बनाने की अपील की। जनसभा स्थल पर लगभग 100000 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। सुरक्षा व्यवस्था भी काफी चुस्त दुरुस्त की गयी थी जिसकी मॉनिटरिंग खुद जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान विधान पार्षद अशोक यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, लोजपा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, हम पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक मांझी तथा रालोमा जिलाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

### सिर्फ एनडीए सरकार ...

है। बिहार में इस बार नए चेहरे वाले जंगलराज को रोकना है और श्री मोदी और नीतीश कुमार के हाथ मजबूत करने हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राजग की सरकार बनने पर बिहार में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि 100 एमएसएमई पार्क और 50 हजार से ज्यादा कुटीर उद्योग लगाएंगे। एग्रीकल्चलर और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक लाख करोड़ का निवेश करेंगे। उन्होंने बतायाकि बिहार में आठ करोड़ 52 लाख गरीबों को हर महीने पांच किलो अनाज मुफ्त में दिया जा रहा है।बिहार में 85 लाख किसानों को प्रति साल छह हजार रुपए पीएम किसान सम्मान निधि के तहत मिल रहा है और अब इसे बढ़ाकर नौ हजार किया जायेगा।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जननी वैशाली की जनता का उत्साह बता रहा है कि बिहार में एक बार फिर राजग की सरकार ही आने वाली है।

### बिहार में बनेगी...

जान पहचान है, जिनका भाजपा नेताओं से पहचान है, जिनके पास पैसा है, उन सबको पेपर मिल जाता है। बिहार का युवा मुंह देखता रह जाता है। श्री गांधी ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर बिहार के मजदूरों को दूसरे प्रदेशों में काम करने नहीं दिया जाएगा। यहीं उन्हें रोजगार मुहैया कराई जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के लोग बाहर जाकर आगे हैं लेकिन बिहार में ही पीछे रह गए हैं। साथ ही कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार हर धर्म, जाति की होगी। सबको लेकर सरकार आगे बढ़ेगी। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के लोग दुबई को बना सकते हैं तो बिहार को क्यों नहीं। जनसभा को वीआईपी नेता मुकेश साहनी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. कन्हैया कुमार, आई पी गुप्ता, महिला नेत्री अलका लांबा, कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सरायरंजन : चौका लगाने ...

करीब 34 हजार का था। ऐसे में इस बार का मुकाबला दिलचस्प नजर आ रहा है। राजधानी पटना से करीब 75 किलोमीटर दूर स्थित सरायरंजन में खेती रोजगार का एक अहम जरिया है। सरायरंजन से महज 14 किलोमीटर दूर बहने वाली नदी बूढी गंडक यहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यहां धान, गेंहू, मक्का और दलहन की खेती बड़े पैमाने पर होती है। साथ ही सब्जी और डेयरी उत्पाद भी किसानों की आमदनी का बड़ा जरिया है। ऐसे में कई अन्य स्थानीय मुद्दों के साथ इस चुनाव में खेती किसानी को बढ़ावा दिया जाना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनेगा। इस सीट पर करीब 2 लाख 83 हजार मतदाता हैं, जिन पर दोनों पक्षों की निगाहें टिकी हुई हैं। चुनावी अखाड़े में मजबूत दोनो पार्टियां जदयू और राजद चुनाव प्रचार में एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। जदयू के विजय कुमार चौधरी की सियासत में एंट्री पारिवारिक विरासत सम्हालने की जिम्मेदारी के साथ हुई थी। विजय कुमार चौधरी के पिता जगदीश प्रसाद चौधरी ने वर्ष 1980 के चुनाव तक कांग्रेस के टिकट पर दलसिंहसराय विधानसभा सीट के प्रतिनिधि थे। उनकी मौत के बाद श्री चौधरी ने बैंक की नौकरी छोड़कर राजनीति में कदम रखा। विजय चौधरी ने वर्ष 1982 में हुये उपचुनाव में कांग्रेस के टिकट से जीत हासिल की। इसके बाद वह 1985 और 1990 में भी कांग्रेस के टिकट पर दलसिंहसराय के विधायक बने। ज्ञातव्य है कि सरायरंजन क्षेत्र मे हार और जीत का निर्णय जातीय समीकरणों के आधार पर होते रहे है लेकिन वर्तमान मंत्री तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी के व्यक्तित्व को देखते हुए उन्हें मात देना विपक्ष के लिए दुरूह कार्य है।

## पुनपुन पुलिस ने गांवों में घूम कर की भयमुक्त माहौल में वोट देने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आगामी 6 नवंबर को प्रथम चरण का चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव प्रचार भी पूरे जोर-शोर से चल रहा है। वहीं प्रशासन भी मतदाताओं के बीच गांव-गांव में घूम-घूम कर भयमुक्त मुक्त माहौल में वोट करने की अपील कर रहे हैं। रविवार को पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी एवं सीएपीएफ फोर्स के संयुक्त तत्वाधान में पुनपुन थाना क्षेत्र के नीमा, बैसा, बाजितपुर समेत कई गांव में घूम-घूम कर वोटरों के बीच जाकर उन्हें बिना भय के साथ वोट करने की अपील की है। इसके साथ ही सभी मतदाताओं से गुजारिश की हैं कि अगर वोट देने में कोई अगर किसी को धमका रहा है डरा रहा है तो स्थानीय पुलिस को गुप्त रूप से सूचना दे सकते हैं या फिर गांव में कोई भी असामाजिक तत्व हैं जो चुनाव में अशांति फैला सकते हैं वैसे लोगों के बारे में भी बताएं। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि चुनाव में अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा हर गांव में लोगों के बीच जाकर पुलिस उन्हें जागरूक कर रही है और ज्यादा से ज्यादा घर से निकलकर वोट देने के भी अपील कर रही है। बहरहाल पुनपुन थाना क्षेत्र में तकरीबन 50 मतदान केंद्र हैं जो फुलवारी विधानसभा में आते हैं।




## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में सात वाहन जब्त

**पालीगंज।** पालीगंज एवं दुल्हिनबाजार सीओ के द्वारा रविवार को भरतपुरा मोड़ के पास बने बॉर्डर चेकपोस्ट पर वाहनों के जांच के दौरान चुनाव प्रचार में लगे 7 वाहनों द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए जाने पर जब्त किया गया है। जिसमें दो गाड़ी लोजपा के तथा चार वाहन माले प्रत्याशी का था। पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि इस मामले में मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात पालीगंज सीओ ने पालीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिस बल और पदाधिकारियों की उपस्थिति की भी जांच की। साथ ही निर्देश दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए हर वाहन और व्यक्ति की सघन जांच की जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विशेष रूप से मादक पदार्थ, अवैध हथियार और अनएकाउंटेड नकदी की रोकथाम के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

## दिव्यांगजनों ने ट्राई साइकिल से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** दिव्यांगजनों ने लोगों से अपील की मतदान हमारा अधिकार है, इसे अवश्य निभाएं। दरअसल विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मसौढी में संचालित स्वीप गतिविधि के तहत दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया। जागरूकता रैली मसौढी बुनियाद केंद्र से निकल कर शहर में ट्राईसाइकिल के जरिए रैली के क्रम में दिव्यांगजन हाथों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखे पोस्टर लिये साथ चल रहे थे साथ ही जागरूकता संबंधी कई नारे लगा रहे थे। रैली के माध्यम से दिव्यांगजनों ने आम लोगों को यह संदेश दिया कि शारीरिक अक्षमता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी को लेकर कोई बाधा नहीं है। आम लोगों से उन्होंने बढ़-चढ़ कर मतदान की प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। मौके पर बुनियाद केंद्र के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी सहित संबंधित अन्य मौजूद रहे।




## लहसुना में देसी कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** लहसुना पुलिस ने नियामतपुर गांव से छापेमारी कर एक देसी कट्टा 2 जिंदा कारतूस के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नियामतपुर में विरोधी पासवान पे0 स्व0 लाली पासवान अपने घर में अवैध आग्नेयास्त्र छिपाकर रखे हुए है। प्राप्त सूचना के सत्यापन में पु0अ0नि0 दिनेश कुमार राय, छापामारी दल के साथ ग्राम नियामतपुर पहुँचकर विरोधी पासवान के समक्ष उनके घर की विधिवत तलाशी लिये तो उनके मवेशी के चारा रखने वाले घर से एक झोला मिला, जिसे खोलकर देखने पर एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली एवं एक खोखा बरामद हुआ। बरामद प्रदर्श को विधिवत जब्त कर विरोधी पासवान को गिरफ्तार किया गया है, जिनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रीम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त विरोधी पासवान का आपराधिक ईतिहास पाया गया है, जो पूर्व में मसौढ़ी थाना से दो बार जेल जा चुके है।



## मखदुमपुर पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने मखदुमपुर बाजार से एक चोर को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि 2 दिन पहले मखदुमपुर थाने में श्रवण गुप्ता ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया था कि उनका बेटा स्कूल से आ रहा था तभी रास्ते में राजेश कुमार ने उसके गले से सोने का लॉकेट काट लिया था। जिसके बाद पुलिस ने राजेश कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो उसने पास से सोने का लॉकेट बरामद किया गया है।

## बिहार में प्रचंड बहुमत से बनेगी एनडीए सरकार : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर विधान सभा क्षेत्र के बिरौली मैदान मे आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार मे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की लहर चल रही है और प्रदेश मे एक बार फिर से प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। श्री चौधरी जिले के कल्याणपुर विधान सभा सीट से जदयू प्रत्याशी एवं मंत्री महेश्वर हजारी के पक्ष मे एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे प्रदेश का तीव्र गति से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार मे कानून का राज चल रहा है। श्री चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आजकल लालटेनिंया धुमधुम कर लोगों को रोजगार देने की बात बोल रहा है। लेकिन बिहार की जनता सब जानती है कि लालू यादव के राज मे नौकरी के बदले कैसे जमीन ली गई। सभा को कल्याणपुर क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि एनडीए सरकार मे हुई विकास कार्यो का लाभ इस चुनाव मे उनको मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि वे इस क्षेत्र से तीसरी बार रिकॉर्ड वोट से जीतेंगे। सभा को जदयू नेता एवं पूर्व सांसद अरूण कुमार, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा और भाजपा के प्रांतीय नेता आशुतोष कुमार ने भी संबोधित किया।



**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : Prem Kumar
Add: Makhlautganj Mahavir Sthan gali, P.S- Kotwali Gayaji- 823001

Name of political party : Bhartiya Janta Party
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : 230 - Gaya Town

I Prem Kumar (name of candidate), a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Railway Court, Gaya | RPF P.S. Case no. 92/2014 | Pending | U/S 146, 147, 174 IPC |
| 2 | ACJM, Sherghati, Gaya | Barachatti P.S. Case no. 344/2013 Dated:20/07/2013 | Pending | U/S 109, 147,153, 353 IPC |
| 3 | CJM Court, Gaya | Kotwali Gaya Case No. 118/2010 | Pending | U/S 171(H) IPC |
| 4 | ACJM Court, Gaya | Kotwali Gaya P.S. Case no. 303/1991 Dated:07/12/1991 | Pending | U/S 147, 323, 337 IPC |
| 5 | CJM Court, Gaya | Kotwali P.S. Gaya Case no. 408/2020 Date:28/10/2020 | Pending | IPC 171(E) 188 & 128, 130 RP Act |
| 6 | SDJM Court Khagaul | Khagaul P.S. Case no. 102/2019 Dated:13/04/2019 | Pending | IPC 143,147 148, 149,188, 171 F. |
| 7 | CJM Court, Muzaffapur | Muzaffapur P.S Case No-342/2017 | Pending | IPC 121A, 153A, 504 |
| 8 | CJM Court, Patna | Kotwali P.S. Patna Case no. 516/2023 Dated:13/07/2023 | Pending | IPC 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338, 353 |
| 9 | SDM COURT,JAMUI | Complaint No.113C/2025 JAMUI | Pending | BNS 126(2),115(2),110,303,(2)85,81,82(1)352,351(2) |
| 10 | HIGH COURT,PATNA | E.P.27/2020 | Pending | NO ANY IPC.BNS 314.D ACT |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Nil | Nil | Nil |
| 2 | Nil | Nil | Nil |
| 3 | Nil | Nil | Nil |
| 4 | Nil | Nil | Nil |
| 5 | Nil | Nil | Nil |
| 6 | Nil | Nil | Nil |
| 7 | Nil | Nil | Nil |
| 8 | Nil | Nil | Nil |
| 9 | Nil | Nil | Nil |
| 10 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# माहुरी वैश्य समाज की बैठक में प्रेम कुमार का भव्य स्वागत, समाज ने लिया विजय का संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** माहुरी वैश्य मंडल, गया की महत्वपूर्ण बैठक आज उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री और एनडीए के गया नगर विधानसभा (संख्या 230) के प्रत्याशी प्रेम कुमार का समाज की ओर से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। बैठक में प्रेम कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वैश्य समाज के हित में किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समाज के योगदान को राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण बताया और आगे भी विकास और प्रतिनिधित्व को सशक्त करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाज का हर सदस्य, चाहे महिला हो या पुरुष, कमल निशान पर मतदान कर प्रेम कुमार को भारी मतों से विजयी बनाएगा। बैठक की अध्यक्षता माहुरी समाज के अध्यक्ष संजीव कुमार पवन चौधरी ने की जबकि संचालन सचिव अमित कुमार पिंटू ने किया। इस अवसर पर राजनीतिक सलाहकार संजय प्रसाद सेठ, भारत सरकार के पशु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि विकास कुमार और भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ गया जिला के संयोजक ऋषि लोहानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनीष सोनू, वार्ड पार्षद धर्मेन्द्र प्रसाद सहित समाज के महिला वर्ग, युवा वर्ग और बुद्धिजीवी वर्ग की भी सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने समाज की एकजुटता और निरंतर विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय को मिथिला विभूति सम्मान से किया जाएगा सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुंगेर।** विद्यापति सेवा संस्थान, दरभंगा का 53वां वार्षिक सम्मेलन 3 नवंबर, 2025 से 5 नवंबर, 2025 तक एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय को 'मिथिला विभूति सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। डॉ. राय दरभंगा जिले के बहेड़ी गांव के मूल निवासी हैं। वे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग में 'एसोसिएट प्रोफेसर' के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. राय की शैक्षणिक और प्रशासनिक जगत में गहरी प्रतिष्ठा है। उनकी चार पुस्तकें आईएसबीएन और लगभग तीन दर्जन आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में सात शोधकर्ताओं ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें दस राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने सौ से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार, सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशालाएं और वेबिनार आयोजित किए हैं। उन्होंने पहले नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी और पूर्णियां विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर काम किया है। उन्होंने जीएमआरडी कॉलेज, मोहनपुर और यूआर कॉलेज, रोसड़ा, समस्तीपुर में प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में भी काम किया है। उन्होंने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में 'संपर्क अधिकारी' और कॉलेज निरीक्षक के पद पर भी काम किया है। मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार ने डॉ राय को मिथिला विभूति सम्मान से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई दी है और 03 नवंबर को उन्हें कर्तव्यावकाश को मंजूरी दे दी है। मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर महेश्वर मिश्रा, पूर्व डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर देवराज सुमन, डीन प्रोफेसर जयंत कुमार और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के तमाम कर्मचारियों ने भी अपनी बधाई दी है। राज्य और देश भर में शैक्षणिक और प्रशासनिक स्तर पर उन्होंने जो प्रतिष्ठा अर्जित की है, उसे देखते हुए वे वास्तव में मिथिला विभूति पुरस्कार 2025 के हकदार हैं। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुनेश्वर यादव, संकाय सदस्य डॉ. मुकुल बिहारी वर्मा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रघुवीर रंजन, डॉ. नीतू कुमारी, शोधार्थी सिद्धार्थ, केशव, सन्नी, संतोष, संदीप, रंजीत, स्वेता, दीपिका, निराला आदि ने अपने वरिष्ठ संकाय और गाइड डॉ. राय को बधाई दी। मिथिला के तमाम शिक्षाविद और न्यायप्रिय जनता डॉ राय को सम्मान दिए जाने से खुश हैं।

# प्रो.आर.पी. शर्मा पुण्यतिथि पर याद किए गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आर०पी०एस० समूह की शैक्षणिक संस्थानों के संस्थापक एवं धार्मिक ग्रन्थ 'कालजयी हनुमान' के रचयिता स्व० प्रो०आर०पी० शर्मा की 25वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु आर०पी०एस० रेसिडेन्सियल स्कूल, बेली रोड, पटना के प्रागंण में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक कुमार सौरिश ने प्रांगण में स्थित स्व० प्रो०आर०पी० शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस स्मृति दिवस पर निदेशक कुमार तनय, आर०पी०एस० समूह के अन्य शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य /प्राचार्या, शिक्षाविद्, राजनेता, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, शहर के गणमाण्य व्यक्ति एवं आर०पी०एस० परिवार के सभी सदस्य उपस्थित हुए एवं स्व० प्रो०आर०पी० शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्व० प्रो०आर०पी० शर्मा के दिव्य व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें एक महान शिक्षाविद्, लेखक और राजनीतिज्ञ के रूप में याद किया। वक्ताओं ने खासकर शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। अपने जीवनकाल में स्व० प्रो० आर०पी० शर्मा ने प्राइमरी स्तर से उच्च-स्तरीय तक अनेक शिक्षण संस्थानों की आधारशीला रखी जिसमें आर०पी० शर्मा इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आर०पी०एस० लॉ कॉलेज, आर०पी०एस० टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर०पी०एस० कॉलेज और आर०पी०एस० महिला कॉलेज, आर०पी०एस० रेसिडेन्सियल स्कूल, आर०पी०एस० गर्ल्स पब्लिक स्कूल, आर०पी०एस० पब्लिक स्कूल इत्यादि प्रमुख हैं। इस अवसर पर भजन का आयोजन किया गया। अन्त में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें आर०पी०एस ग्रुप की शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# शेरघाटी के बसंतबाग में संयुक्त ब्राह्मण मंच की बैठक, एकजुटता पर दिया जोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर के बसंतबाग मोहल्ले में संयुक्त ब्राह्मण मंच के बैनर तले सचिव दीनानाथ पांडेय के नेतृत्व में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज में संगठन मजबूती, सामाजिक समरसता और ब्राह्मण समाज के उत्थान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज की मजबूती और विकास के लिए एकजुटता ही सबसे बड़ा आधार है। सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के बीच जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। ताकि आने वाले समय में समाज के भावी कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 4 नवंबर को पुनः एक विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें समाज के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी सहयोग और भाईचारे को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को भी जुड़कर सामूहिक विकास में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष चंदन कुमार मिश्रा, नवीन कुमार मिश्रा, संतोष मिश्रा, मनोज पाठक, महेंद्र पांडेय, मिथलेश पांडेय, दीपक पांडेय, शशि भूषण मिश्रा, अयोध्या दुबे, पशुपतिनाथ पाठक, अभिनाश मिश्रा, मनोज पाठक समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की मजबूती और समाज के उत्थान के प्रति संकल्प लिया।

# दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए मतदान अब और आसान, गया जिले में सभी सुविधाएं लागू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 'सुलभ और समावेशी चुनाव' के उद्देश्य से दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए कई विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर के निर्देश पर इन सभी सुविधाओं को जिले में पूर्ण रूप से लागू किया जा रहा है। ताकि हर मतदाता बिना किसी कठिनाई के मतदान कर सके। निर्वाचन आयोग द्वारा की गई प्रमुख व्यवस्थाओं में सबसे पहले दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि में मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप) उपलब्ध कराई जाएगी जिससे वे अपने मतदान केंद्र और अन्य आवश्यक जानकारी आसानी से जान सकेंगे। दूसरे सभी मतदान केंद्रों पर ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र की व्यवस्था होगी। इसके माध्यम से दृष्टिबाधित मतदाता मतदान से पहले प्रत्याशियों और उनके चुनाव चिन्हों की पहचान कर सकेंगे। तीसरी व्यवस्था के तहत दृष्टिबाधित और अन्य दिव्यांग मतदाताओं के लिए आवश्यक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।


**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 112-Maharajganj | Sunil Ray | 1.A.C.J.M Siwan, Case no.71/08 & Pending 2.A.D.J, Siwan, Case no. 265/2020 & Pending | 1.Section 341,323,379, 384/34 IPC 2.Section 302,120(B),34 IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)
Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 116-Taraiya | Satyendra Kumar Sahni | 1. A.C.J.M 8, Chhapra Case No 14/ 18, Taraiya Pending 2.A.C.J.M 8, Chhapra Case no. 166/ 10 Pending 3.A.C.J.M 13, Chhapra Case no. 159/ 19 & Pending | 1. Section 323, 406, 420 , 506 IPC 2.Section 171(4), 188 of IPC 3.Section 307/ 324 / 120(B) of IPC & 27 of Arms Act | NA | NA | NA |

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **JAN SURAAJ PARTY**
Name of Election : **General Election to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **BIHAR**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 115-Baniyapur | Shravan Kumar | 1. A.C.J.MVIII PS 50/11, Baniapur Pending 2. A.C.J.MVIII PS 239/19, Baniapur, Tr. No. 2209/25 Pending 3. A.C.J.MVI, Siwan Family Suit 448/22, Tr No.1816/25 | 1. Sec. 147,148, 149,323,307,379,342,435,384, 386, 04,506 IPC and Sec.27 Arms Act. 2. Sec. 188, 123 RPA ACT 3. Sec. 138 NI ACT | NA | NA | NA |

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मत महत्वपूर्ण : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जनसंवाद कार्यक्रम का नवीनगर प्रखंड के टंडवा पंचायत में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा की गई। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं विभिन्न विषयों पर उनके विचार सुने। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों को लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाने और आगामी निर्वाचन में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर अपने अधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है और



लोकतंत्र को मजबूत बनाने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी को भयमुक्त होकर मतदान में शामिल होने की अपील की। उपस्थित ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया तथा मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज, जिला आपदा प्रबंधन प्रभारी अंतरा कुमारी, नवीनगर सीडीपीअ तथा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अभाविप की बैठक में मतदाता जागरूकता पर चर्चा

**गोह (नबिटा संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देवकुंड इकाई की बैठक रविवार को नगर उपाध्यक्ष विकास कुशवाहा के नेतृत्व में छात्र संघ कार्यालय में की गयी। बैठक में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने पर चर्चा हुई। इस दौरान जिला एसएफएस प्रमुख गौरव मिश्रा ने कहा कि समाज को जात-पात से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करना चाहिए। अधिक से अधिक वोटिंग प्रतिशत के माध्यम से सुरक्षित, समृद्ध और सशक्त बिहार का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं गर्भवती महिलाओं को मतदान केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।

# निर्धारित सीमा तक ही खर्च करेंगे प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक ईशान रीमान खड़कोगर ने रविवार को औरंगाबाद विधानसभा के अंतर्गत संचालित निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग एवं उससे संबंधित सभी उप-शाखाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में व्यय प्रेक्षक ने कोषांग के कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और विभिन्न शाखाओं में व्यय अनुश्रवण से संबंधित अभिलेखों, रिपोर्टों, शैडो ऑब्जर्वेशन रजिस्टर, उम्मीदवारों के लेखा अभिलेख, बैंक खाता विवरण तथा वीडियो सर्विलांस रिपोर्ट की जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि निर्वाचन व्यय से संबंधित प्रत्येक विवरण सही, सटीक और समयबद्ध रूप से दर्ज किया जाए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रहे। व्यय प्रेक्षक ने उपस्थित रवि रंजन आलोक नोडल



पदाधिकारी (निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग), तथा गुंजन कुमार सहायक नोडल पदाधिकारी अनामिका कुमारी सहायक नोडल पदाधिकारी सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो सर्विलांस टीम तथा लेखा निरीक्षण टीम के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। उन्होंने प्रत्येक टीम से उनके कार्यों की प्रगति, अब तक की रिपोर्टिंग व्यवस्था, शिकायत निवारण की स्थिति एवं दैनिक प्रतिवेदन की गुणवत्ता पर जानकारी ली। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी टीमें समन्वय और त्वरित सूचना साझा करने की प्रणाली को और सुदृढ़ करें ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता, अति व्यय या संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक प्रत्याशी का खर्च निर्धारित सीमा के भीतर रहना चाहिए और कोषांग को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी प्रकार का अप्रत्यक्ष या अवैध व्यय न हो। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय निगरानी से जुड़ी शाखाओं के कर्मियों को प्रशिक्षण, रिपोर्ट तैयार करने के तरीके, साक्ष्य संधारण, वीडियो रिकॉर्डिंग के मानक तथा व्यय निगरानी ऐप के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए डिजिटल टूल्स का अधिकतम उपयोग किया जाए ताकि आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित हो सके।नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग रवि रंजन आलोक ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के निदेशानुसार सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है नोडल पदाधिकारी ने बताया कि कोषांग के उप शाखा को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने कार्यों का दैनिक अद्यतन रिपोर्ट तैयार करें तथा किसी भी शिकायत या अनियमितता की स्थिति में तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव संपादन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में राजद कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के मदनपुर के विशुनगंज का है। दरअसल एक वाहन पर चार लोग सवार थे। उनके पास वाहन का कोई अनुमति पत्र नहीं था जबकि वे सभी राष्ट्रीय जनता दल के उमीदवार से जुड़ा प्रचार से संबधित पंपलेट व पोस्टर का वितरण कर रहे थे। इसी क्रम में प्रेक्षक ने वाहन रुकवा गाड़ी का अनुमति पत्र मांगा लेकिन ये लोग प्रस्तुत नहीं कर सके। तत्पश्चात प्रेक्षक के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए मदनपुर सीओ सह एफएस दंडाधिकारी मो. अकबर हुसैन द्वारा चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें पाठक बिगहा रोड निवासी बिरजू भुइयां, दिलीप भुइयां, गांधीनगर निवासी विशाल कुमार एवं मदनपुर निवासी कुदुस अंसारी के पुत्र मो. उमर फारूख शामिल है। इनके पास से पंपलेट व पोस्टर भी जब्त किया गया है। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के विशुनगंज में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र में पंपलेट व पोस्टर लोगों के बीच बांटा जा रहा था। जांच में पाया गाया कि उनके पास वाहन का कोई अनुमति पत्र नहीं है। इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए प्रेक्षक के निर्देश पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# औरंगाबाद का विकास हमारा संकल्प : त्रिविक्रम

### विपक्ष के आरोपों पर भड़के एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विपक्षियों के आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए औरंगाबाद विधानसभा सीट से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा है कि विपक्ष जनता को गुमराह करने की साजिश में जुटा है। उन्होंने कहा कि अगर यह साबित हो जाए कि देव में मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं होने देने के लिए मैं जिम्मेदार हूं तो मैं सार्वजनिक रूप से राजनीति से संन्यास ले लूंगा। श्री सिंह ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके पास अब जनता के सामने रखने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए वे केवल भ्रामक और मनगढ़ंत आरोप लगाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर विरोध करने का सवाल ही नहीं उठता। मैं औरंगाबाद के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। जो भी बातें मैं जनता के बीच रख रहा हूं, वे मेरी प्राथमिकताएं हैं और मैं कथनी और करनी में



कोई अंतर नहीं रखूंगा। भाजपा प्रत्याशी ने बताया कि वे जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार प्रयासरत हैं और विकास के हर वादे को पूरा करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने विपक्षियों को चुनौती दी कि वे अपने आरोपों के सबूत पेश करें, वरना जनता के बीच माफी मांगें। देव प्रखंड के केश्वर बिगहा, चट्टी बाजार, कटैया, इसरौर, बिशुनपुर और मंझौली सहित कई गांवों में शनिवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री सिंह ने मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी को भरपूर समर्थन देने और भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में औरंगाबाद का विकास नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## व्यय प्रेक्षक ने खिरियावां मोड़ पर किया औचक निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन को लेकर रविवार को रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक द्वारा मदनपुर प्रखंड अंतर्गत औरंगाबाद-गया सीमा पर स्थित खिरियावां मोड़ पर स्टैटिक निगरानी टीम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दल के प्रभारी पदाधिकारी, देव के प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी राजेश कुमार पंडित मौजूद रहे। प्रेक्षक द्वारा टीम के कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया जिसमें यह पाया गया कि स्टैटिक निगरानी टीम द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारू एवं प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है। प्रेक्षक द्वारा टीम के कार्य पर संतोष व्यक्त किया तथा उन्हें आगे भी इसी प्रकार तत्परता एवं निष्ठा के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

# सुरेश पासवान को मिला औरंगाबाद का चुनाव प्रभार

### राजद ने दिया चुनाव प्रचार में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल ने विधानसभा चुनाव अभियान को गति देने के उद्देश्य से संगठनात्मक जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पासवान को औरंगाबाद जिले का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में राष्ट्रीय जनता दल बिहार के अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने एक आधिकारिक पत्र जारी करते हुए कहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रचार-प्रसार और संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाना आवश्यक है। पत्र में निर्देश दिया गया है कि सुरेश पासवान तत्काल प्रभाव से



औरंगाबाद जिले में पार्टी के चुनाव प्रचार कार्यों का नेतृत्व संभालें और सुनिश्चित करें कि सभी प्रचार गतिविधियां व्यवस्थित और समन्वित ढंग से संचालित हों। पार्टी अध्यक्ष ने यह भी कहा है कि जिले में चल रहे चुनावी अभियानों और संगठनात्मक प्रयासों की विस्तृत जानकारी नियमित रूप से राज्य पार्टी मुख्यालय को भेजी जाए ताकि चुनाव संचालन की प्रगति का आकलन किया जा सके। सुरेश पासवान की नियुक्ति को राजद कार्यकर्ताओं ने स्वागतयोग्य कदम बताया है। उनका कहना है कि उनके नेतृत्व में औरंगाबाद जिले में चुनाव प्रचार अभियान को नई ऊर्ज़ा और दिशा मिलेगी।

# मतदाता जागरूकता को ले बनेगी मानव श्रृंखला, छात्र-छात्राओं ने किया पूर्वाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार रविवार को जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला में मानव श्रृंखला का पूर्वाभ्यास किया गया। यह कार्यक्रम लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया, ताकि प्रत्येक मतदाता मतदान के महत्व को समझे और बिना किसी भय, लालच या दबाव के मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पूर्वाभ्यास का आयोजन गांधी मैदान औरंगाबाद में किया गया। इस पूर्वाभ्यास में 800 स्कूली छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शी ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय अनुमंडल मुख्यालय में किया जा रहा है। स्वीप कोषांग के सहायक नोडल पदाधिकारी सह अपर आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाताओं की सजगता और भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना भोला कुमार कर्ण, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा रवि रौशन एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा तथा प्रारंभिक शिक्षा अभियान अमरितेश कुमार ने संयुक्त रूप से अपील की है कि वे मतदान के दिन अपने परिजनों, मित्रों एवं समुदाय के अन्य सदस्यों को भी मतदान केंद्र तक अवश्य जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ-साथ लोकतंत्र में मतदान के महत्व को भी बताएं। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी ने बताया कि इस पूर्वाभ्यास के माध्यम से मतदाताओं में चुनावी जागरूकता का माहौल सृजित करने का प्रयास किया गया है। आगामी दिनों में जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायत स्तरों पर भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मतदान करें, गर्व से करें और पहले मतदान, फिर जलपान जैसे संदेशों को आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार विद्यालयों के प्रधानाध्यापक जिला मुख्यालय स्थित सभी कोटि के विद्यालय के शिक्षक पिरामल फाऊंडेशन औरंगाबाद से रिया कुमारी आयुषी कुमारी आदि उपस्थित थे। सभी ने संयुक्त रूप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों का संकल्प लिया। मानव श्रृंखला पूर्वाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर, तख्तियां एवं स्लोगन लेकर मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के नेतृत्व में रविवार को कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत मिडिल स्कूल मुडिला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में पैनल अधिवक्ता लालमोहन सिंह ने आपदा पीड़ितों के लिए मिलने वाली विधिक सेवाएं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा से बचाव के लिए प्रशिक्षण, विभिन्न आपदाओं से बचने के लिए पूर्व अभ्यास जरूरी है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 के तहत इसके लिए विशेष



कानून बनाये गये हैं। इसके तहत यदि कोई भी व्यक्ति सरकारी कर्मचारियों को उसके कर्तव्य पालन में बाधा उत्पन्न करता है, तो उसे एक साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। साथ ही आदिवासियों के अधिकारों से संबंधित जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के अधिकार के लिए सरकार की ओर से विशेष योजनाएं चलायी जा रही है। विभिन्न योजनाओं के तहत जनजाति युवाओं को सशक्त बनाने की प्रयास किया जा रहा है, ताकि आदिवासी समुदाय के लोगों को बुनियादी ढांचा, शिक्षा और आजीविका का में सुधार हो सके। इस मौके पर पराविधिक स्वयंसेवक राजकुमार पासवान, प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश, रंजनी देवी, साइका प्रवीन, नफिसा प्रवीन, पुष्पा कंवर, विकास कुमार, रामदेव राम आदि थे।

## विधानसभा क्षेत्र में 11 व प्रखंड में बनेंगे सात सखी बूथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा।** विधानसभा चुनाव को लेकर कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 11 पिंक/सखी बूथ बनाया जायेगा। इनमें साथ सखी बूथ कुटुंबा प्रखंड के अंतर्गत होगा। वहीं चार सखी बूथ नवीनगर और देव प्रखंड के अंतर्गत निर्धारित किया गया है। बीडीओ प्रियांशु बसु ने बताया कि सखी बूथ पर महिला मतदानकर्मी रहेंगे। इसके अलावा कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत दो मॉडल बूथ, दो पीडब्ल्यूडी बूथ, एक यूथ बूथ निर्धारित है। पीडब्ल्यूडी बूथ पर दिव्यांग मतदान कर्मी और यूथ बूथ पर युवा मतदान कर्मी को लगाया जायेगा। साथ ही चिन्हित सभी बूथों को आकर्षक तरीके से सजाया जायेगा। साथ ही सभी तरह के आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराये जायेंगे।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सीपीडब्ल्यूडी, एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑनलाइन (ई–निविदा) आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना संख्याः** डबलू–7/ई–टेन्डर/21/ओपेन/दानापुर/2025–26 **क्रमांकः 1. कार्य के नाम लोकेशन के साथः** सीनियर डीईएन(3)/डीएनआर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पुलों पर चैनल स्लीपरों की वर्न–आउट फिटिंग का नवीनीकरण। **अनुमानित निविदा राशिः** 4,61,02,513.35 **बयाना की राशिः** 3,80,500/– **क्रमांकः 2 कार्य के नाम लोकेशन के साथः** दानापुर मंडल के डीएलएन–टीआरजी खंड में किमी. 11/06–07 पर मौजूदा पुल संख्या 7 (स्पैन 7 X 4.57 मीटर गर्डर) और 800.0 मीटर डायवर्जन के स्थान पर स्पैन 1 X 45.7 खुले वेब गर्डर वाले नए पुल संख्या 7 का निर्माण। **अनुमानित निविदा राशिः** 6,92,41,331.78 **बयाना की राशिः** 4,96,200/– **निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 17.11.2025 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाये एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। **वेबसाईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचनाः** 1. निविदा सूचना पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: http:// www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेबसाइट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

**मंडल रेल प्रबन्धक (इन्जी०)**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

पीआर/1219/डीएनआर/टी/मं.रे.प्र.(इन्जी.)/25–26–60

# फुटपाथी दुकानदारों ने दी वोट बहिष्कार की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फुटपाथ एवं फ़ेरी विक्रेता संघ के सदस्य रविवार को तीसरे दिन भी धरने पर डंटे रहे। इस दौरान संघ के सदस्यों ने जिला प्रशासन और नगर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा यहां से हटाए जाने का विरोध किया। धरना में शामिल लोगों ने बताया कि शहर में हो रही जाम को देखते हुए नगर प्रशासन उन्हें यहां से हटा रही है। आज सड़क पर एक भी ठेला नहीं है इसके बाद भी दो घंटे जाम लगा है। बड़े-बड़े दुकानदारों ने सड़क को अतिक्रमित कर रखा है। प्रशासन का डंडा उनपर नहीं बल्कि गरीब सब्जी वालों पर चलता है। जितनी जगह दानी बिगहा स्थित बस स्टैंड में तय की जा रही है उतनी जगह में सब्जी की दुकान लगा पाना संभव नहीं है। वहां मात्र ढाई सौ दुकानदारों को ही जगह दी जा रही है जबकि फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों की संख्या 1700 है। ऐसी स्थिति में अन्य दुकानदार कहां जाएंगे। अगर जिला प्रशासन उनकी मांगों पर विचार नहीं करेगी तो उनका आंदोलन और तीव्र होगा। धरनार्थियों ने कहा कि करीब 1500 लोगों के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। सब्जी बाजार तोड़े जाने के बाद से लगभग दो हजार दुकानदार अपने जीविकोपार्जन को लेकर सड़क किनारे दुकान लगाते हैं लेकिन प्रशासन की ओर से उनका तराजू बाट जब्त कर लिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उन्हें कमाई के बजाय नुकसान हो जा रहा है। संघ के अध्यक्ष शशि कुमार सिंह ने नगर और जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी दुकानदारों को चबूतरा बनाकर दिया जाए। इसके साथ-साथ होल सेल, खुदरा विक्रेताओं की दुकानें अलग-अलग आवंटित की जाए। उन्होंने बताया कि 1700 में से महज 250 फुटपाथी दुकानदारों को ही दुकान आवंटित किया गया है। जो दुकान दुकानदारों को दिया गया है वह अत्यंत ही छोटा है। उसमें कोई भी बिजनेस नहीं किया जा सकता है। जिला और नगर प्रशासन की मनमानी से दुकानदार परेशान हैं। इस दौरान धरनार्थियों ने वोट बहिष्कार की भी चेतावनी दी है। कहा कि यदि हमारी मांगे जल्द पूरी नहीं की जाती है तो वोट बहिष्कार करेंगे।

**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : **Rashtriya Janata Dal**
*Name of the Election : **Bihar Vidhan Sabha**
Name of State/UT : **Bihar**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 76, Simri Bakhtiyarpur | Yusuf Salahuddin | A.C.J.M.-1 Saharsha, Criminal case no - 513/2019, Bakhtiyarpur P.S. FIR No. 80/2019 | U/s 188 IPC sec-3 Property Dispute Act.,Violation of Code of Conduct | NA | NA | NA |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.